रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज

रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper: ranchiexpress.com

वर्ष-61 | अंक-242 रांची | बुधवार 24 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12

मूल्य 4 रु.

रांची में छह करोड़ का डोडा लोड ट्रक जब्त, राजस्थान का आरोपित गिरफ्तार

रांची। राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा लदा ट्रक आ रहा है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में नामकुम थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, ओपी प्रभारी खरसीदाग और क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुवांगहातु स्कूल के पास वाहन चेकिंग लगाकर ट्रक (एचआर 62-7267) को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर डोडा से भरे हुए 158 प्लास्टिक बोरे मिले। वाहन चालक सह मालिक हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। चालक हरपाल सिंह ने पूछताछ में बताया कि डोडा को खूंटी के ग्रामीण क्षेत्रों से लोड कर रांची होते हुए जोधपुर (राजस्थान) ले जाया जा रहा था। मामले में अनुसंधान जारी है। पूछताछ के क्रम में पता चला कि गिरफ्तार हरपाल सिंह राजस्थान अफीम तस्करों के सम्पर्क में रहकर अवैध व्यापार करता है।

कल्पना सोरेन और अन्नपूर्णा देवी 29 अप्रैल को दाखिल करेंगी नामांकन

गिरिडीह। कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा की प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इनके अलावा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन भी 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। कल्पना सोरेन के नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत जेएमएम के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के विधायक सुदीप्य कुमार सोनू के अलावा कांग्रेस और राजद के कई नेता शामिल होंगे। जेएमएम के मुताबिक कल्पना सोरेन पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की चुनावी सभा होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

झारखंड हाई कोर्ट ने शपथ पत्र दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट राज्य में बिना ऑक्शन (नीलामी) के माइनिंग लीज देने, माइनिंग लीज का नवीकरण करने की जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने जुर्माने की यह राशि स्टेट बार काउंसिल में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में बगैर ऑक्शन के माइनिंग लीज दिया जा रहा है। गैर मजुरुवा यानी सरकारी जमीन पर भी माइनिंग की जा रही है, इसकी जांच की जानी चाहिए।

झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

इससे पूर्व अदालत में जेल में बंद आरोपितों छवि रंजन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है।

जीजा जी की नजर है, सीट पर रूमाल रखना होगा

अमेठी (एजेंसी)। कांग्रेस ने अमेठी लोकसभा सीट से अब तक अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। चर्चा है कि वायनाड लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद अमेठी पर कांग्रेस फैसला कर सकती है। ऐसा इसलिए ताकि वायनाड पर फोकस करने के बाद कांग्रेस की टीम अमेठी पर जुट जाए। एक साथ दो मोर्चों पर डटने से कांग्रेस बचना चाहती है। इस बीच स्मृति इरानी ने राहुल गांधी और उनके जीजा रॉबर्ट वाड्रा पर तंज कसा है। स्मृति इरानी ने कहा कि मैंने अमेठी में 5 सालों में ही इतना काम किया है, जितना राहुल गांधी 15 साल में नहीं कर सके थे।

भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती : मुख्यमंत्री

खूंटी। इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं ने झंडा- बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली।

पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगो के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों के हरा राशन कार्ड दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आई है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आए और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें। सीएम ने कहा कि बिरसा की इस पावन धरती पर आज की चिलचिलाती धूप में बैठी भीड़ ही महागठबंधन की महाशक्ति है। सीएम ने जोर देकर कहा कि पिछली बार वर्ष 2019 के चुनाव में जनता को धोखा दिया गया। इस कारण इस बार पूरी सावधानी के साथ काम करना है।

नया खुलासा

कश्मीर में हत्याओं को अंजाम दे रहे पाक आतंकी

राजौरी टारगेट किलिंग के पीछे 2 दहशतगर्द, अमेरिकी राइफल से भूना

श्रीनगर (एजेंसी)। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में हुई टारगेट किलिंग से हड़कंप मच गया है। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार रात को आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना तब घटी जब मृतक अब्दुल रज्जाक थानामंडी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपने गांव कुंडा टॉप में घर के पास एक मस्जिद से बाहर आया था। पुलिस का कहना है कि इस टारगेट किलिंग के पीछे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों का हाथ है। आतंकवादियों ने करीब से गोली चलाई। पुलिस ने कहा कि आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया है। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी मोहम्मद रजाक को जिले के शाहदरा शरीफ में उनके घर के बाहर गोली मार दी गई। अधिकारियों ने कहा कि रज्जाक का भाई क्षेत्रीय सेना में सिपाही है। जब आतंकवादियों ने गोलीबारी की तो उनका भाई भी उनके साथ था। उन्होंने उसका अपहरण करने की कोशिश की लेकिन वह सुरक्षित भागने में सफल रहा। पुलिस के मुताबिक, आतंकियों ने हमले में अमेरिका में बनी एम4 राइफल और पिस्तौल का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने हमले में इस्तेमाल की गई एम4 राइफल की गोलियां बरामद की हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए सेना और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया है। बता दें कि 20 साल पहले, रजाक के पिता की भी उसी क्षेत्र में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। यह हमला शोपियां जिले के अनंतनाग और हरपोरा इलाके में दो गैर-स्थानीय लोगों को निशाना बनाए जाने के बाद हुआ है।

अभी जेल में ही कटेंगे सीएम अरविंद केजरीवाल के दिन

अदालत ने फिर बढ़ाई न्यायिक हिरासत, 7 मई को सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले के आरोपियों को राहत नहीं मिल रही है। अब अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत फिर से बढ़ा दी है। सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी गई है। इसी के साथ अदालत ने शराब घोटाले के अन्य आरोपियों बीआरएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की भी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी अब 7 मई को दोपहर 2 बजे होगी। बताया जा रहा है कि कथित शराब घोटाले में ईडी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग वाले केस में आरोपी बनाए गए सीएम अरविंद केजरीवाल और चनप्रीत सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हुई थी। इनके अलावा बीआरएस नेता के कविता भी वर्चुअली अदालत में मौजूद थीं। तीनों ही आरोपी तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। के कविता की न्यायिक हिरासत सीबीआई से जुड़े केस में बढ़ाई गई है।

अरे ये तो योगी बाबा हैं! सीएम को देख बच्चे हुए 'अभिभूत'

गोरखनाथ मंदिर में घूम रहे थे बच्चे,सीएम ने प्रेम से दुलारा,बांटे चॉकलेट

गोरखपुर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में मौजूद हैं, ऐसे में गोरखनाथ मंदिर में अपने प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह परिसर में भ्रमण के समय छोटे-छोटे बच्चों को सामने देखकर उनका बालप्रेम फिर जाग उठा। वह बच्चों के पास गए, उन्हें अपने हाथों से चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया और उनका हाल-चाल जाना। लोक सभा चुनाव 2024 के सिलसिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार चुनावी दौरा कर रहे हैं। कई जगह उनकी सभाएं आयोजित है। ऐसे में किसी विशेष अवसर पर गोरखनाथ मंदिर आना नहीं भूलते। नवरात्र के दौरान भी उनका गोरखपुर आना-जाना लगा रहा। इसी बीच सोमवार की शाम को वह एक बार फिर गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे, क्योंकि मंगलवार को हनुमान जयंती थी। यहां उन्होंने गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी के मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। तो वहीं प्रातः काल भ्रमण के दौरान अपने सामने छोटे-छोटे बच्चों को देखकर उनका बाल प्रेम एक बार फिर जागृत होता दिखा। जैसे ही उन्होंने अपने सामने बच्चों को देखा तो उनके पास पहुंच गए और उनका नाम और हाल-चाल पूछते हुए अपने हाथों से चॉकलेट दी। साथी ही आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान बच्चे भी मुख्यमंत्री को अपने इतने पास देखकर अभिभूत थे। बच्चों का कहना था कि यह तो बाबा योगी जी हैं जो हमें टीवी पर अक्सर दिखते हैं। हमें पता था कि वह गोरखनाथ मंदिर में ही रहते हैं। आज उन्हें देख भी लिया, उन्होंने हमें अपने हाथों से चॉकलेट दी और खूब पढ़ने लिखने का आशीर्वाद भी दिया।

भारत और चीन के बीच फिर लिपूलेख दर्रे पर बढ़ेगी टेंशन!

- इस साल भी नहीं शुरू होगा कारोबार, कई लोगों की जुड़ी है आजीविका

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में लिपूलेख दर्रे से इस बार भी भारत-चीन के बीच कारोबार शुरू नहीं हो पाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय कारोबार से कई स्थानीय कारोबारियों की आजीविका जुड़ी हुई है। चौथे साल भी कारोबार शुरू नहीं होने से व्यापारी निराश हैं। समुद्र तल से 17 हजार फीट की ऊंचाई पर लिपूलेख दर्रे से भारत-चीन के बीच कारोबार प्राचीन समय से होता आ रहा है। वस्तु विनिमय आधारित इस कारोबार में समय के साथ मुद्रा का चलन प्रारंभ हुआ। इस व्यापार ने भारत और चीन दोनों देशों के सीमा के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जरूरत का सामान देने के साथ ही उनकी आजीविका विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 25 अक्टूबर 2019 में इस अंतराष्ट्रीय कारोबार में शामिल भारतीय दल के वापस लौटने के बाद यह कारोबार अब तक शुरू नहीं हो सका है।

संक्षिप्त

15 वर्ष से फरार अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

रामगढ़ : रामगढ एसपी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिये अपराधी व फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिये लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को लेकर एसपी रामगढ को मिली गुप्त सूचना पर एक छापामारी दल ने पिछले 15 वर्ष से फरार चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी पर रामगढ़ थाना कांड संख्या-188/09, 289/09, 302/09, 321/09 व 333/12 दर्ज है। 15 वर्षों से फरार चल रहे जारा बस्ती निवासी अपराधी मुन्ना कुमार खटिक उर्फ मुन्ना सोनकर उर्फ महतो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चोरी छिपे बोकारो जिला के जरीडीह थाना अन्तर्गत जैनामोड़ में रहकर किसी अपराध को अंजाम देने के फिराक में था। एसपी के द्वारा इसकी गिरफ्तारी के लिये इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अजय कुमार साहू के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल ने जरीडीह बोकारो पुलिस के सहयोग से अभियुक्त मुन्ना कुमार खटिक उर्फ मुन्ना सोनकर उर्फ महतो गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बताया गया कि न्यायालय से इनके विरूद्ध रामगढ़ थाना के विभिन्न काण्डों में लाल वारंट एवं कुर्की अधिपत्र निर्गत किया था। इनकी गिरफ्तारी से रामगढ़ थाना के तीन लंबित (लाल वारंट) व एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। छापामारी दल में सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय, एएआई सुजीत कुमार सिंह, साक्षर आरक्षी संतोष कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

हनवारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

हनवारा : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हनवारा पंचायत भवन के समीप बनाए गए अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर मंगलवार को वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम के नेतृत्व में दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिए वाहनों के रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, पर्यावरण परमिट, हेलमेट, डिक्की, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की गई। पुलिस ने दो पहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट नहीं पहनने पर चालकों को हेलमेट पहनने का सख्त निर्देश दिया। वहीं हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया कि क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर सभी चारपहिया वाहनों के डिक्की की जांच की जा रही है ताकि अवैध कार्यों पर लगाम लगाया जा सके। मौके पर एएसआई भोलानाथ सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

कलश यात्रा में शामिल हुए शिल्पी नेहा तिर्की

चान्हो : प्रखंड के रघुनाथपुर में मंगलवार को नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरूवात की गई। आयोजन समिति के अनुसार आज कलश यात्रा में आसपास के विभिन्न गांवों से हजारो महिलाएं शामिल हुई इस कलश यात्रा मे स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं उनके पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। आज सुबह सिलागाई और रघुनाथपुर के बीचों बीच स्थित दक्षिण कोयल नदी से कलश यात्रा शुरू की गई और इसके साथ ही पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया गया। नवनिर्मित शिव मंदिर मे विधायक ने माथा टेक्कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया एवं हाथ जोड़कर अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के सुख समृद्धि एवं अच्छे जीवन के लिए प्रार्थना भी किया।

जगदीश रवानी एक को नामांकन करेंगे : आनंद महतो

बलियापुर : पूर्व विधायक आनंद महतो अपने आवासीय कार्यालय में कहा कि मासस लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी मजदूर दिवस के मौके पर 1 मई को पूरे दलबल के साथ नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। मौके पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, मासस के सभी वरीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। मासस ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से मोरहाबादी मैदान के चारो ओर पैदल पथ बनाया जाये : डॉ. प्रणव

अनाधिकृत अतिक्रमण को खाली करवाकर पैदल पथ बनाना जरूरी

रांची : सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच एवं मैदान बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि मोरहाबादी में 22 अप्रैल सोमवार की शाम हुई गंभीर दुर्घटना और उसमें मृत एवं हताहत लोगों की स्थिति विचलित करनेवाली है. डॉ. बब्बू ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से मोरहाबादी मैदान के चारों ओर पैदल पथ का निर्माण अविलम्ब किया जाये जिससे तेज गति से या गलत तरीके से वाहन चलाने पर अंकुश लगे और वहाँ पैदल चलनेवाले लोगों को नुकसान न उठाना पड़े. डॉ. बब्बू ने कहा कि मोरहाबादी मैदान के चारो ओर सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जा कर को हटाकर पैदल पथ का निर्माण किया जाना बहुत जरूरी है. डॉ. बब्बू ने कहा कि यह स्थिति विचलित करनेवाली है क्योंकि पिछले कुछेक वर्षों में दसियों लोगों की ऐसी अनेक दुर्घटनाओं में जान जा चुकी है जबकि सैकड़ों लोग हताहत हो चुके हैं पर अबतक ऐसी दुर्घटनाओं का कुछ अंतराल के बाद होते रहना और स्थिति में सुधार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि राजधानी रांची के कुछेक गिने-चुने मैदाने में से एक मोरहाबादी मैदान भी है जहाँ न केवल वरिष्ठ नागरिक या अन्य लोग मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक के लिये जाते हैं बल्कि वहीं बच्चे भी खेलते हैं. डॉ. बब्बू ने कहा कि गंभीरता न बरतने के कारण हजारों लोगों की सुरक्षा खतरे में है और मोरहाबादी मैदान के आसपास रहनेवाले, वहाँ आने-जाने वाले और वहाँ से गुजरनेवाले सभी लोग जोखिमपूर्ण स्थिति में खतरा मोल लेने को विवश हैं. इस सम्बन्ध में उन्होंने सम्बद्ध प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है कि मोरहाबादी मैदान आने-जाने वाले एवं आसपास रहनेवाली घनी आबादी की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये और इस मामले में स्थापित मापदंडों की कभी भी अवहेलना न हो।

शहीद तेलैंगा खरिया, वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि के साथ ही शहीद सप्ताह संपन्न

रांची : स्थानीय शहीद स्थल सह स्मारक, शहीद चौक, रांची पर आयोजित शहीद सप्ताह 2024 का समापन आज संध्या 6 बजे हुआ. कार्यक्रम के अनुसार शहीद तेलैंगा खरिया को उनकी शहादत दिवस पर और वीर कुंवर सिंह को उनकी विजय दिवस पर अतिथियों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई. तेलैंगा खरिया को आज ही के दिन 1880में गोली मार दी थी. शहीदों के सम्मान में ही 1957से स्थानीय शहीद स्थल पर जहाँ 1857के संग्राम के योद्धा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, पाण्डेय गणपत राय एवं सैकड़ो अन्य सिपाहियों को फाँसी दी गई, पर शहीद सप्ताह का आयोजन किया जाता है. समापन समारोह में आए अतिथियों, शहीद स्मारक समिति, रांची के सदस्यों ने शहीदों के बहादुरी और उनकी कुर्बानियों पर प्रकाश डाला. आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ राम प्रवेश, विमल किशोर, डॉ हरविंदर वीर सिंह, डॉ बन्दना राय, डॉ राजेश लाल, हरदीप सिंह, बीरेंद्र सिंह मो एजाज, बासिल किड़ो, मनोज तिवारी, चितरंजन लाल शाहदेव, राजू सिंह आदि ने प्रकाश डाला.

धन्यवाद ज्ञापन हरदीप सिंह ने किया तथा मंच संचालन विमल किशोर ने किया।

चाय नाश्ता के बीच निशिकांत का जनसंपर्क शुरू

ठाकुरगंगटी : प्रखंड क्षेत्र के दिग्घी,भगैया, कजरैल, बेलवा, धनकोल, चांदा, मोरडीहा, बिहारी आदि गांव में निवर्तमान सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कार्यकताओं और ग्रामीणों से मिलकर बातचीत किया। इस दौरान उन्होंने कई कार्यकताओं के साथ कहीं शरबत,कहीं चाय,कहीं समोसा तो कहीं अल्पाहार आदि का आनंद उठाया।धनकोल गांव में कार्यकर्ता हरि नारायण महतो के निवास पर भोजन और भगैया में विष्णु राम की अगुवाई में नाश्ता का भी लुत्फ उठाया सभी जगह पर ग्रामीणों का हाल-चाल लिया और ग्रामीणों की बातों को भी सुना। कार्यकताओं और ग्रामीणों द्वारा निवर्तमान सांसद निशिकांत दुबे का फूल माला-शॉल आदि से स्वागत किया गया। चांदा गांव में ग्रामीण मुन्नी रानी आदि महिलाओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे रसोई गैस,चूल्हा,प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम अनाज आदि की उपलब्धि बताया। वहीं कई ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या बताया। किसानों ने भोड़ा बराज को वृहत तौर पर विकसित करते हुए बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का मांग किया।इसी प्रकार सभी जगह पर निवर्तमान सांसद सीधे तौर पर ग्रामीण,किसानों,मजदूरों से रूबरू हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, वरिष्ठ नेता निरंजन कुमार सिन्हा,राजेश उपाध्याय, राजेश लाला, इंद्रदेव चौबे, हरिनारायण महतो, विष्णु राम,डॉ संजय, बलराम कुशवाहा, प्रिया सिंह, संतोष आनंद, जय किशोर महतो, विनय कुमार साह, गनोरी शाह, अजय कुमार साह, नंदकिशोर पोद्दार,सिंटू कुमार,पंकज शुक्ला, लक्ष्मीकांत झा,प्रेम शंकर शुक्ला,राजेश ठाकुर, राजेश शाह, ग्रामीण, किसान, मजदूर आदि थे।

गड़गांव में सैकड़ों शिव भक्त दहकते आग के अंगारों में नगें पाव चलकर फुलखुन्दी की रस्म को पूरा करेंगे

इटकी : गड़गांव के 138 वां ऐतिहासिक मंडा पूजा मंगलवार की रात शिव उपासक सैकड़ों भोक्ता और महिला सोकताइनों दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर फूलखुंदी रश्म को पूरा करेंगे। इस दौरान शिव भक्त और सोकताईन माथे में कलश लेकर दहकते आग के अंगारों पर आराम से ऐसे चलेंगे मानों अंगारा नही फुल पर चल रहे हो।

पूजन अनुष्ठान की शुरूआत सुबह नगर भ्रमण के साथ भिक्षाटन के बाद स्थानीय शिव मंदिर से की गई। स्थानीय तालाब में स्नान ध्यान के बाद शिव भोकताओं ने लोटन सेवा कर आराधना की। इसके बाद पुनः स्नान कर धुआं सुआं का रश्म को पूरा किया। रात में भोकता और सोकताइनों ने तालाब में फिर स्नान करेंगे। इसके बाद सोकताईनो कांसे के लोटा में जल को माथे में लेकर गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते शिव मंदिर प्रांगण पहुंचें। इसके बाद पंडित विमल दास द्वारा अग्निदेव की पारंपरिक तरीके से भोक्ताओं को पूजा अर्चना कराया जायगा।

अग्निदेव की परिक्रमा कर सर्वप्रथम पट भोक्ता अनिल नायक खाली पांव दहकते आग के अंगारे में चलने की शुरूआत करेंगे इसी के साथ कतार वद्ध होकर सैकड़ों भोकता और सोकताइनों आग के अंगारे पर चल कर फुलखुंदी रश्म को पूरा करेंगें। मंडा पूजा के नौवें दिन बुधवार को करीब चार बजे भकताओं द्वारा झुला झुलन कार्यक्रम किया जायेगा। भक्ता लकड़ी के झूले में बंधकर उपस्थित दर्शनार्थियों के बीच फूल का वर्षा करेंगे। माना जाता है कि भक्ता द्वारा बिखरे फुल पानेवालों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। इसी भाव को आत्मसात कर मंडा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंडा मेला के साथ आदिवासियों द्वारा जतरा का भी आयोजन किया जाता है।

रामायण पाठ आयोजन के अवसर पर निकाली गयी कलश यात्रा

सोनाहातू : प्रखंड के गोमियाडीह गांव में एक दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन मंगलवार सुबह को किया गया। रामायण पाठ के शुरूआत के अवसर पर कांची नदी बमलाडीह घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। पंडित अनिल उपाध्याय ने विधिवत पूजन के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। महिलाओं ने कलश में कांची नदी का पवित्र जल लेकर रामायण यज्ञ स्थल तक लाये।

विभिन्न गांवों में आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुखों की बैठक

अनगड़ा : रांची के हरदाग और डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में मंगलवार को आजसू पार्टी ने बैठक किया। बैठक में 16 चूल्हा प्रमुख बनाए गए । हरदाग पंचायत का बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रभारी श्रीमती दीपा देवी ने की। वहीं डूंगरी पंचायत में पंचायत प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य राजू नायक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुयी । बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा पंचायत के हर गाँव में चुनाव से पूर्व चुल्हा प्रमुख का चुनाव कर लेना है क्योंकि चूल्हा प्रमुख पार्टी की रीढ़ है । कहा कि आजसू पार्टी राज्य अलग लेने का मदा रखतीं है तो राज्य को चलाने एवं आम अवाम को बेहतर सुशासन देने का भी ताकत रखती संचालन जिला के सचिव श्री कुदरत शेख ने किया। केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से आग्रह की वे 28 अप्रैल को वाईबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातु नामकोम राँची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में अवश्य भाग लें । संचालन जिला सचिव कुदरत शेख ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल ने किया। मौके पर जिला सचिव मुकेश नायक ग्राम प्रधान राजू नायक संजय नायक मुनचुन सिंह .हरदाग पंचायत प्रभारी मधु सिंह बिंझिया ग्राम प्रभारी रजाउल हक संजय नायक सुमित महतो संजय मुंडा पिंटू नायक सिकंदर नायक कोका नायक अंशु एक्का दिलीप मुंडा किशोर नायक विजय सिंह, शुखामबर सिंह, सुखबिर सिंह बिजिंया शावना मुंडा मुनियां नाग सुनीता बाड़ा डुभन देवी अनु कुमारी ईलिसिबा स्वांसी पाल्हो सांगा कौशलिया देवी संगीता देवी मानव देवी बिलामणी देवी सहित सैकड़ो चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

92 प्रतिशत अंक लाकर मोजास्सिम आलम बने विद्यालय टॉपर

हनवारा : मैट्रिक परीक्षा परिणाम में गोड्डा जिले के उच्च विद्यालय परसा के छात्रों ने भी परचम लहराया। रिजल्ट के बाद सोमवार को विद्यालय खुलते ही जश्न का माहौल रहा। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम में उच्च विद्यालय परसा ने 94.55 फीसदी परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस बार कुल 302 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 101 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 150 द्वितीय श्रेणी से तथा 09 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्णता प्राप्त की। वहीं विद्यालय के छात्र मोजास्सिम आलम ने 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टापर बना जबकि लट्टू यादव ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का सेकंड टॉपर बना। विद्यालय के इस परीक्षा परिणाम से छात्राओं में खुशी है,रिजल्ट के बाद विद्यालय खुलते ही छात्र-छात्राओं ने जमकर जश्न मनाया। वहीं शिक्षकों ने छात्रों एवं अभिभावकों के प्रति आभार जताया है। प्रधानाध्यापक नीलू सिंह ने बताया कि बच्चों की कड़ी मेहनत अभिभावकों के विश्वास एवं शिक्षकों की दिशा निर्देशन के कारण ऐसा परीक्षा परिणाम आ रहा है। खुशी की बात है और यह सारा श्रेय बच्चों के कड़ी मेहनत पर जाता है व शिक्षकों को जाता है। मोजास्सिम आलम गुदड़ी में छिपा लाल निकला,मोजास्सिम आलम ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम में 92%अंक लाकर न सिर्फ विद्यालय के साथ परिवार का भी मां बढ़ाया है। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षकों ने बारी-बारी से सभी छात्र एवं छात्राओं को मिठाई बांट कर जश्न मनाया गया। इस मौके पर शिक्षक मुर्शीद, मंजूर आलम, गुलाम रब्बानी, वहाब कैसर एवं कर्मचारी ताहिर हुसैन उपस्थित रहे।

चान्हो प्रखण्ड में झारखंड अनुसमर्थन प्लानिंग टीम का मनरेगा योजना का निरीक्षण

चान्हो : चान्हो प्रखण्ड में मंगरलवार को झारखण्ड राज्य अनुसमर्थन दल के पलानिंग हेड राजिव रंजन ने मनरेगा से संचालित योजना का भौतिक रुप निरीक्षण किया गया जिसमे. ग्राम पंचायत ताला में बिरसा सिचाई कुप संबर्धन योजना से चुमनु उराँव पम्मी देवी मोनिका उराईन अनुप मिंज जयमंती उराँव कुसुम देवी और टांगर में बिरसा हरित आम बगवनी महली उराँव जतरी उराँव लुण्डरी में बिरसा सिचाई कुप संबर्धन इसराईल अंसारी शामिल है निरीक्षण के दौरान स्टेट टीम ने सभी संबधित पदाधिकारी कर्मी को निर्देश दिया की सिचाई कुप का निर्माण को ससमय पुरा करें और गर्मी को देखते हुए आम बगवानी का सिचाई ससमय कराऐं ताकि पौधा मरे नहीं निरीक्षण के क्रम में बी पी ओ गुंजन कुमार सहायक अभियंता रोहित कुमार 15 वें वित के कनीये अभियंता विवेक कुमार संतोष पहान मनरेगा जे ई राजिव नंदन प्रसाद ग्राम रोजगार सेवक सादीक अख्तर सकलु उराँव धर्मेंद्र उराँव मुकेश कुमार रवानी ओम प्रकाश मो युसुफ बी एफ टी के गन्दरु उराँव मौजुद थे।

निर्वाचन व्यय पर निगरानी हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं सहायक का प्रशिक्षण कार्यक्रम

हजारीबाग : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर विडियों निगरानी दल, विडियों अवलोकन दल,लेखा दल,उड़न दस्ता एवं चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है। इससे संबद्ध सभी दलों के पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण -सह-संदेह निवारण सत्र का आयोजन प्रशिक्षण सूचना भवन हजारीबाग में किया गया। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी, रतन लाल गुप्ता ने सभी दलों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन आयोग के संबंधित सभी निदेशों से अवगत कराया। सहायक नोडल पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने सभी दलों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। राज्य कर पदाधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के संदेह को स्पष्ट किया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धनंजय कुमार ने जब्ती की प्रक्रिया को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने के संबंध में बताया।

OFFICE OF THE DG & IG OF POLICE, DHURWA, RANCHI- 834004

Corrigendum Notice

With reference to advertisement under PR No. 323554/(Police) 2024-2025 regarding Insurance of Dhruv Helicopter Tender No – 01 / 2024-25 by Police Headquaters, following modification have been made:-

1. The last date for submission of Tender Document is amended as 25.04.2024 by 16:00 hrs.
2. Opening of the tender paper is amended as 25.04.2024 by 17:00 hrs.
3. Other terms and conditions remain unchanged

I.G. of Police (Provision), Jharkhand Ranchi

PR 324018 Police(24-25).D

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग

अति आवश्यक सूचना

लोकसभा चुनाव–2024 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण / चुनाव ड्यिूटी हेतू कुल प्रभावी बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को कॉल–अप किया जाना है।

इस कॉल–अप के पूरा करने के लिए हजारीबाग जिला के वैसे प्रभावी बल के गृह रक्षक जो वर्त्तमान में कही पर ड्यिूटी में प्रतिनियुक्त नहीं है को झारखण्ड रक्षा वाहिनी हजारीबाग में अपना आगमन निश्चित रूप से कराये। चुनाव ड्यिूटी अति महत्वपूर्ण ड्यिूटी के श्रेणी में आता है, इसमें आगमन नहीं कराने वाले गृहरक्षकों के विरूद्ध नियमावली के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

इसे अति आवश्यक समझें।

आदेशानुसार
ह0/–
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,हजारीबाग

PR 324029 Police(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बूटी, राँची-834009

आम सूचना

निम्नलिखित रांची शहरी क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन एवं पेयजलापूर्ति की बर्बादी रोकने एवं शुद्ध पेयजलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित अनुरक्षण कर निराकरण के उद्देश्य से शहरीवासियों को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल अन्तर्गत किये जा रहे जलापूर्ति का संचालन एवं सम्पोषण कार्य नियुक्त एजेन्सी M/S Aquafil Polymers Co. Pvt. Ltd, Gujarat के द्वारा किया जा रहा है।

नगरवासियों की सुविधा हेतु एजेन्सी M/S Aquafil के माध्यम से बूटी में स्थित Control Room की व्यवस्था किया गया है। जहां नगरवासियों के द्वारा किसी प्रकार की जलापूर्ति से संबंधित शिकायत एवं सूचना **Mobile No. 8863016796** पर दर्ज करायी जा सकती है।

क्र0 सं0	जलमीनार (प्रशाखा कार्यालय)	संबंधित वार्ड सं0	सहायक अभियंता / कनीय अभियंता से संबंधित क्षेत्र	प्रभारी कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता
1	2	3	4	5
1	जिला स्कुल प्रशाखा	23,24,25, 26,27	कोटसराय रोड, पिंजरा टोली, कुम्हारटोली, अखाड़ा चौक, सरफराज चौक, बंसी चौक, शिवाजी चौक, गोशाला कम्पाउड, चौधरी बगान, मार्केट रोड ईस्ट व वेस्ट, रंधीर प्रसाद स्ट्रीट, दिनबंधु लेन, प्यादा टोली, गोपालगंज, भट्टाचार्य लेन, गोरखनाथ लेन, विष्णु टाकीज लेन, रूपाश्री लेन, विनोद आश्रम गली, जिला स्कुल कम्पाउड, बुचरगली, लेक रोड, भुईया टोली, पुरानी राँची, करीम लेन, बंगला स्कुल रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, कम्पाउण्डस लेन, डेली मार्केट, कैलाश बाबु स्ट्रीट, हिन्दपीड़ी 3rd स्ट्रीट, 2nd स्ट्रीट, 1st स्ट्रीट, सेन्ट्रल स्ट्रीट, खेत मोहल्ला, लाहफैक्ट्री रोड, नूरनगर, मुजाहिद नगर, निजामुद्धीन नगर, हरिजन बस्ती, माली टोला, हिन्दपीड़ी साउथ स्ट्रीट, ग्वाला टोली, बड़ी मस्जिद गली, तिवारी स्ट्रीट, तिवारी टैंक रोड, मुस्लिम कॉलोनी, गोपाल प्रेस, डाईभरसन रोड, नाला रोड हिन्दपीढ़ी एवं आसन्न क्षेत्र।	सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488356652 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081
2	सिरमटोली / कडरू प्रशाखा	15,27,28, 29	ओल्ड थाना रोड, मुखर्साह लेन, राजाबली स्ट्रीट, शरदबाबु लेन, सिरमटोली, दिपुटोली, गुगुंटोली, कल्ब रोड, राजाबंगला कम्पाउण्ड, राज ट्रांसपोर्ट कम्पाउण्ड, डॉ फतेहउल्लाह लेन, पाराडाईज लॉज, विश्वकर्मा मंदिर, पी0पी0 कम्पाउण्ड,, सेठिया कम्पाउण्ड, पुल टोली, ओल्ड ए0जी0 कॉलोनी कडरू, हरमु बस्ती का भाग, हाई कोर्ट कॉलोनी, फोरटाईप हरमु कॉलोनी, न्यु ए0जी0 कॉलोनी, बंसत विहार, ढेलाटोली, रामनगर एवं आसन्न क्षेत्र।	श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 श्री रामेश्वर सिंह सहायक अभियंता – 2 मो0–9431164985
3	चर्चरोड / कोकर प्रशाखा	16,17,18	चर्चरोड का भाग, गुदरी रोड का भाग, कर्बला टैंक रोड, कोनका रोड, डोम टोली, इस्लाम नगर, नया टोली, बसर टोली, पोल्टेकनिक कम्पाउण्ड, चटर्जी कम्पाउण्ड, डंगरा टोली, आईडियल लैण्ड, नया टोली का भाग, पत्थल कुदुवा, बैंक लाईन, आजाद बस्ती, पुरूलिया रोड का भाग, संत लुईस कम्पाउण्ड, काली स्थान रोड, दालपटट्टी रोड, रंगसाज मस्जिद लेन, नाजिर अली लेन, बलदेव सहाय लेन, मिशन कम्पाउण्ड, संत जेवियर कॉलेज कम्पाउण्ड, संत जॉन स्कुल, सर्जना चौक से काली स्थान, चर्चरोड का पूर्वी भाग, पीसरोड, इन्डस्ट्रीयल एरिया, कुम्हार टोली, मोहरम बस्ती, वर्धमान कम्पाउण्ड का हिस्सा एवं आसन्न क्षेत्र।	श्री सहजाद असगर मोईनी, कनीय अभियंता मो0–6201961794 श्री रामेश्वर सिंह सहायक अभियंता – 2 मो0–9431164985
4	कॉटाटोली / बूटी प्रशाखा	7,11,12,1 3,14	ओल्ड एच0बी0 रोड, खोरहाटोली, कॉटाटोली, कसाई मोहल्ला, इदरीस कॉलोनी, हरिजन मोहल्ला, लोवाडीह, शांति नगर, आजाद कॉलोनी, इस्लाम नगर, खातून नगर, शंकर नगर, चुटिया सामलोंग का भाग, चुटिया मेनरोड का उत्तरी भाग, हाईटेंशन इन्सुलेटेर कॉलोनी, धुमासा टोली, रिफ्युजी कॉलोनी, टंगटंग टोली, टुंकी टोली, कटहल टोली, कॉटाटोली, मकचुन्द टोली, चुटिया महादेव टोली, तेली टोली, चुटिया मेन रोड का दक्षिणी भाग, साई टोली, गोसाई टोली, बेनी साहु गली, पावर हाउस, किशन सिंह कॉलोनी, एफ0सी0आई0 गोदाम, भट्ठा टोली, खेलगॉव, होटवार जेल, गाड़ी गॉव, लालगंज, टाटीसिलवे, जैप–2, नामकुम, जोराड़ एवं आसन्न क्षेत्र।	श्री अनु मानकी, कनीय अभियंता मो0–8271021891 श्री रामेश्वर सिंह सहायक अभियंता – 2 मो0–9431164985
5	लालपुर	10,14,19, 20,21,22	पुरूलिया रोड, जेवियर नगर, बिरसा मुण्डा समाधी स्थल, कानवेंटलाईन, उद्धवबाबु लेन, थरपखना, बड़ई टोली, पी0एन0बोस कॉलोनी, ईस्ट जेल रोड, ताराबाबु लेन, महेन्द्र महिला कॉलेज कम्पाउण्ड, न्यु नगरा टोली, करमटोली, महिला महा विद्यालय, आदिवासी होस्टल, वर्दमान कम्पउण्ड का हिस्सा, धोबी घाट गौतमबुद्ध रोड, अहिर टोली रोड, सैनिक स्कुल लेन, शिवदायल सहाय रोड, श्रद्धानन्द रोड, नौवाटोली एवं आसन्न क्षेत्र।	सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488356652 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081
6	आवास प्रशाखा	4,5,8	शंकर टोली, भरणटोली, हिलव्यू रोड, श्रेया इनकेल्वभ, तेतर टोली, बनिया टोली, बड़गाई टोली, नालन्दा कॉलोनी, चित्रगुप्त कॉलोनी, बुटी बस्ती, आनन्द नगर, पी0एच0ई0डी0 कॉलोनी, रामटहल चौधरी हाई स्कुल, जयप्रकाश नगर, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज सम्प, रानी बगान, जोड़ा तालाब, बरियातु बस्ती, सत्तार कॉलोनी, बरियातु स्टाफ क्वाटर, हैदर नगर, चेशायरहोम रोड, सैनिक स्कूल लेन रामेश्वरम, युनिवरसिटी कॉलोनी एवं आसन्न क्षेत्र।	श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081
7	बुटी जलागार		पम्प हाउस कैम्पस के सभी अवयव एवं पम्प हाउस से बूटी पहाड़ी जलागार के सभी राईजिंग पाईप लाईन एवं बूटी पहाड़ी जलागार से मेडिकल / जिला स्कूल / रातु रोड पाईप लाईन, डी0ए0भी0 नन्दराज स्कूल के सामने चेक पोस्ट, बूटी तक।	श्री अजित कुमार तिवारी, कनीय अभि0 मो0–8409448014 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081

सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण अवर प्रमंडल सं0–01, रांची
सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण अवर प्रमंडल सं0–02, रांची
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, रांची

PR 324040 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

पांच लाख के ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

रांची : रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर के चार तस्करों को पुंदाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में मो मतिउल रहमान, फैजल अंसारी उर्फ बावला , दानिश खान, मो रिजवान शामिल है। इनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर (27.71 ग्राम), 4800 नगद रुपये, चार मोबाइल, एक सवारी ऑटो और एक बाइक बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूचना के

बाद हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने पुंदाग ओपी के जाफर टोली स्थित पुराना सामुदायिक भवन के समीप से चार लोगों को संदेह के आधार पर जांच किया गया। जांच के क्रम में उनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों के अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ जुड़े होने की बात प्रकाश में आयी है। चारों का कनेक्शन बंगाल से है। इन चारों का मेन डीलर बंगाल का है। बरामद ब्राउन शुगर का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये है।

मीर साहब ओबीसी वर्ग के साथ नाइंसाफी कर रहे है टिकट बंटवारे में : ओबीसी मोर्चा

रांची : कांग्रेस प्रभारी मीर साहब पिछड़ा विरोधी मानसिकता के लोगों के इशारे पर टिकट बंटवारे में ओबीसी अल्पसंख्यक, वैश्य समुदाय की घोर नाइंसाफी कर रहे है। जिससे इस वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी आक्रोश और निराशा है।

उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है, उन्होंने कहा कि एक तरफ पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी देश में कमजोर वर्ग के प्रतिनिधियों से मिलकर समस्या को घोषणा-पत्र में शामिल कर सामाजिक न्याय कर जनमत को अपने पक्ष में कर रहे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में आए राहुल गांधी जी ने दिल्ली से मिलने के लिए मुझे इरबा में आमंत्रण दिया था। हमारी मांगों के प्रति संवेदना जताई और

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी को पास में बुलाकर बताया कि वहां जातीय जनगणना की जा रही है। झारखंड में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के मेरे सवालों पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रभारी मीर साहब से पूछताछ भी की। वहां यह बातें आई की 50% से ज्यादा आरक्षण नहीं दी जा सकती है। तो रांची की धुर्वा में सभा के दौरान 50% आरक्षण की सीमा तोड़ने की घोषणा की थी।

वहीं झारखंड प्रभारी मीर साहब ओबीसी समुदाय को टिकट बंटवारे में सामाजिक अन्याय कर रहे हैं। इस बाबत अग्रगणि संगठन राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि से मिलने में भी गुरेज कर रहे हैं। इसलिए इस विषय को लेकर आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि दिल्ली जा रहा है केंद्रीय नेतृत्व से मिलेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि जिस तरह राहुल जी पूरे देश में लोगों से मिल रहे हैं और उनके प्रभारी झारखंड राज्य के बहुसंख्यक समुदाय के जनप्रतिनिधियों से मिलने, उनसे सुझाव लेने आदि का काम नहीं कर रहे हैं वहीं राज्य के बड़े 5 स्टार होटल में बड़े-बड़े लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के आंदोलन के प्रभाव है कि भारतीय जनता पार्टी ने टिकट बंटवारे में सामाजिक न्याय का खयाल रखा है। वही कांग्रेस ओबीसी, वैश्य, अल्पसंख्यक के साथ राजनीतिक रूप से अन्याय कर रही है। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, रामावतार कश्यप, एमडी जुनैद उपस्थित थे।

संक्षिप्त

सड़क दुर्घटना पर झालसा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

रांची : राजधानी के मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के समीप सोमवार रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा ने मंगलवार को रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों टक्कर मार दी थी। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी मधु रानी की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स सहित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मधु रानी, सरिता देवी, संतोष मित्रा सहित अन्य हैं।

रांची में हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

रांची : राजधानी की जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक 12 बोर की एक नाली बंदूक, पांच गोली, एक पेचकस, लखनऊ जिले से निर्गत हथियार का फर्जी लाइसेंस, आधार कार्ड, मोबाइल और बैग बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में

बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति बैग में हथियार और गोली लेकर ब्रिकी के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजराल कुमार सिंह और गुड्डू चौधरी शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि टीम में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी एचबी प्रसाद, राजीव कुमार रंजन, राजेंद्र कुमार राणा, अशोक भगत सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

रांची में सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता

रांची : श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने

कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

नामांकन से पहले कालीचरण मुंडा ने मां दिउड़ी में की पूजा-अर्चना

रांची : इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मंगलवार को

रांची के तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना कर मां दिउड़ी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि दिउड़ी माता रानी पर मेरी अटूट आस्था है। मैं निरंतर माता के दरबार में हाजिरी लगाने आता हूं। चुनाव की तैयारी भी मैंने माता रानी के दरबार से आशीर्वाद लेकर ही शुरूआत की थी।

रांची में लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को रखें खाली, अतिक्रमण न होने दें : हाई कोर्ट

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें। इस सड़क का अतिक्रमण न होने दे।

रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लालपुर में नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद बचे स्थान पर अभी सब्जी विक्रेताओं को रखा जाएगा।

सब्जी विक्रेताओं को सड़क से काफी दूर रहने को कहा गया है। दो माह में सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टलरी पुल के निकट वेंडर मार्केट बनने पर उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों से खाली कराए गए जगह पर पार्किंग बनाने के लिए उपायुक्त से एनओसी मांगा गया है। एनओसी मिलने के बाद वहां लोगों के लिए फ्री पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार कांस्टेबल स्थाई रूप से लालपुर में ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। बाइक से भी पुलिसकर्मी लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक की सड़क जाम ना हो यह सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी।

झारखंड हाई कोर्ट ने पूछा, जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट इन दोनों से जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है।

इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट छह माह के भीतर विधानसभा के पटल पर नहीं रखी जा सकी थी, जिस कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

रांची, 23 अप्रैल (हि.स.)। राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी

ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा।

इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को कई संस्थाओं ने किया सम्मानित

पूरे देश में झारखंड एवं समाज का गौरव बढ़ा है : ललित पोद्दार

रांची : रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान मे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह मे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय सिविल सेवा परीक्षा मे सफलता हासिल करने वाले अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल एवं रांची की सुश्री हर्षिता चामरिया को सम्मानित किया गया। मारवाड़ी समाज के कई संस्थाओं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल युवा सभा, कवि सम्मेलन आयोजन समिति, मारवाड़ी युवा महिला मंच समर्पण शाखा,के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारीयों ने अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को पुष्प गुच्छ, मोमेंटो देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ मे उनके माता-पिता को भी पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह का अध्यक्षता रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने करते हुए कहा कि अमन अग्रवाल एवं हर्षित चामरिया ने भारतीय सिविल सेवा में सफलता प्राप्त कर संपूर्ण मारवाड़ी अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है। तथा पूरे देश में झारखंड एवं समाज के गौरव को बढ़ाया है

अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया ने सम्मान मिलने पर बहुत ही प्रफुल्लित होते हुए सभी को धन्यवाद देते हुए सबो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए व्यक्ति को खुद पर भरोसा होना चाहिए। तथा सफलता के लिए धैर्य, मेहनत, संघर्ष की क्षमता, निष्ठा, सकारात्मक सोच तथा अपनी क्षमताओं का सही तरीके से उपयोग करना है। तथा अपने लक्ष्य को एकदम स्पष्ट रखें।

प्रतिभा सम्मान समारोह का संचालन रांची मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने की। तथा धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने किया।

महामंत्री विनोद कुमार जैन ने अमन एवं हर्षिता तथा उनके पूरे परिवार को सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके सफलता से पूरे समाज का मान बढ़ा है तथा समाज मे खुशी की लहर है।

इस अवसर पर- नंदकिशोर पाटोदिया, पवन शर्मा, रमन वोडा, अशोक नारसरिया, अनिल कुमार अग्रवाल, मनोज चौधरी, विनोद कुमार जैन, सौरभ बजाज, आशीष अग्रवाल, पवन पोद्दार, संजय सर्राफ, श्याम सुंदर गोयल, आनंद गोयल, मनोज अग्रवाल, सोनित अग्रवाल, रोहित सरावगी, निर्मल बुधिया, आनंद जालान, प्रमोद अग्रवाल, विनीता सिंघानिया, बबीता अग्रवाल, मुकेश काबरा, बबलू हारित, अमरजीत गिरधर, सुनील पोद्दार, रमाशंकर बगड़िया, चौधरी जी, किशन गोयल, आशीष डालमिया, नीरज भट्ट, आदि के अलावे बड़ी संख्या मे सदस्य गण उपस्थित थे।

उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन

रांची : सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट)

हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।

निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये।

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों कोआमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर अंकुश कसेरा ने सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची में जियोक्लब के पृथ्वी दिवस पर छात्रों को किया प्रेरित

रांची : 23 अप्रैल को संत जेवियर्स कॉलेज रांची में भूगोल विभाग और आई क्यू ए सी द्वारा आयोजित जियोक्लब के पृथ्वी दिवस समारोह का दूसरा दिन कार्यक्रम का समापन हो गयो

कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि, नेशनल ज्योग्राफिक, एचबीओ, डिस्कवरी नेटवर्क और अतुल्य भारत के साथ काम करने का व्यापक अनुभव रखने वाले प्रसिद्ध वन्यजीव और प्रकृति फोटोग्राफर अंकुश कसेरा ने छात्रों के साथ अपना ज्ञान और अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि का पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत व दीप प्रज्जवलन कर हुओ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने अतिथि अंकुश कसेरा को प्रकृति के प्रति सम्मान और प्रेम का

प्रतीक स्मृति चिन्ह और पौधे भेंट कियो प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने अपने स्वागत संबोधन में छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सपनों का महत्व, दृढ़ संकल्प और उद्देश्य प्राप्ति के लिए भीड़ में ना चले बल्कि भीड़ से अलग खड़े होकर अपने व्यक्तित्व को निखारने कि कोशिश करे तथा उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जीवन में किसी चीज की शुरूआत करने के लिए कभी देर नहीं होती कार्यक्रम के दौरान रांची में स्वच्छता और अपने ग्रह को अपने घर की तरह मानना पर प्रकाश डालते हुए एक शोर्टफिल्म का प्रदर्शित किया गया। अतिथि कसेरा ने अपने अनुभवों, महत्वाकांक्षाओं, संघर्षों आदि को साझा करते हुए छात्रों को प्रकृति और जंगल कि खूबसूरती और मनमोहकता को पहचानने, अपने कौशल को निखारने तथा सफलता के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करने तथा उसे भौतिक संपत्ति से अधिक प्राथमिकता देना के महत्व पर बल दिया।

निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

रांची : ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है। पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक

दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

बैंक ऑफ इंडिया की खिड़की तोड़कर चोरी का करने का प्रयास, एक गिरफ्तार

रामगढ़। जिले के पतरातू प्रखंड में बैंक ऑफ इंडिया में चोरी करने का प्रयास करने वाला शख्स गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर वीरेंद्र साव पतरातू बाजार का ही रहने वाला है। एसपी ने बताया कि 14 अप्रैल की रात बैंक की खिड़की तोड़कर चोरी करने के लिए चोर घुसे थे। इस मामले में बैंक प्रबंधक के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिक के दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम बनाकर टीम के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया की पतरातू शाखा का सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया। साथ ही संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उस व्यक्ति ने बैंक में हुई चोरी कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने जब वीरेंद्र साव गहनता से पूछताछ की, तो उसकी निशान देही पर घटना में प्रयुक्त किया गया लोहे का सबल भी बरामद किया गया।

छापामारी टीम में ये थे शामिल

पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर शिवा कच्छप, प्रदीप रजक सहित पतरातू थाना के सशस्त्र बल जवान शामिल थे।

फांसी के फंदे से लटका मिला वृद्ध का शव, हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

रामगढ़। शहर के पारसोतिया में मंगलवार को पुलिस ने 77 वर्षीय एक वृद्ध की शव फांसी के फंदे से झूलती हुई बरामद की है। उस वृद्धि की हत्या की गई है या फिर उसने आत्महत्या की है यह स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मृतक की पहचान मेघू महतो के रूप में हुई है। मामले में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पारसोतिया में एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। यह हत्या उसके परिवार के ही सदस्यों के द्वारा की गई है। सूचना के आधार पर पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो वहां देखा कि परिजन शव को फांसी के फंदे से उतार

कर उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि आनन फानन में उस शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। कुछ लोगों ने पुलिस को यह बताया कि उस वृद्ध व्यक्ति ने खुद ही फांसी लगा ली।

जबकि, कुछ लोगों का यह कहना है कि पहले पीट-पीट कर उसकी हत्या की गई है। इसके बाद हत्या को आत्महत्या की शक्ल देने की साजिश रची गई।

मेघु महतो सब्जियां बेचकर अपना गुजारा करते थे

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मेघु महतो खेती करते थे और सब्जियां बेचकर अपना गुजारा करते थे। उनके दो बेटे हैं। पुलिस ने एक से बातचीत की है। दूसरा बेटा घर से गायब था। पुलिस ने उसे भी जल्द हाजिर होने को कहा है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उस आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। फिलहाल परिवार वालों को भी क्लीन चिट नहीं दी जा सकती।

भामाशाह फाउंडेशन ने बिटिया की शादी के लिए किया भरपूर सहयोग

सेवाभाव के साथ भामाशाह फाउंडेशन जरूरतमंदों की कर रही है सेवा :अमित

रामगढ़। दानवीर भामाशाह की जयंती पर भामाशाह फाउंडेशन ने बिटिया की शादी में सहयोग किया। मंगलवार को छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 स्थित सौदागर मोहल्ला के विजय रजक की पुत्री की शादी के अवसर पर भामाशाह फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमित साहू ने बिटिया की शादी में सहयोग करते हुए गोदरेज, ड्रेसिंग टेबल, डाइनिंग टेबल, कुर्सी, साड़ी बर्तन सहित शादी में लगने वाले सामग्री का सहयोग किया। मौके पर भामाशाह फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि आज भामाशाह जयंती पर बिटिया के शादी में सहयोग कर एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति हो रही है और भामाशाह फाउंडेशन का यह कारवां निरंतरण सामाजिक कार्यों में लगातार आगे की ओर यूं ही बढ़ता रहेगा। उन्होंने बताया कि समाज के अंतिम जरूरतमंद लोगों के पास जाकर सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहूंगा। इस अवसर पर विनोद जायसवाल, विजय रजक, रेखा देवी समेत अनेकों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

इनरव्हील क्लब ने दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल कराया उपलब्ध

जरूरतमंदों की सेवा करने से मिलती है खुशी :नीरू साहनी

रामगढ़। इनरव्हील क्लब जरूरतमंदों की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। क्लब के द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों के बीच जाकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनके चेहरे में खुशी लाने का एक माध्यम बन चुकी है। इसी क्रम में मंगलवार को क्लब की सदस्यों ने बरकाकाना रेलवे स्टेशन जाकर एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल प्रदान की। इस दौरान दिव्यांग व्यक्ति के चेहरे पर खुशी झलक उठी और क्लब के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर क्लब के सचिन नीरू साहनी ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा करना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है। इसी के तहत आज एक दिव्यांग व्यक्ति के चेहरे में खुशी लाने का प्रयास किया गया। बताया कि ट्राईसाईकिल मिलने के बाद उनके जीवन में एक नई उम्मीद और लक्ष्य मिल सकता है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मेघा बगड़िया, सचिव नीरू साहनी, पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता, जसमीत कौर सोनी, मनवीर कौर, नवलजीत आदि शामिल थी।

दानवीर भामाशाह की जयंती मनी, उनके बताएं मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

रामगढ़। साहू भवन ट्रस्ट के तत्वाधान में शहर के चट्टी बाजार स्थित साहू भवन में मंगलवार को दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ साहू भवन ट्रस्ट के पदाधिकारी ने भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान कार्यक्रम में समाज के गण्यमान्य लोगों ने भामाशाह के जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही समाज के लोगों से दानवीर भामाशाह के आदर्शों का अनुसरण करने आह्वाहन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार उर्फ छोटे, सचिव राकेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार साह, सुनील कुमार, रंजीत कुमार साह, अनिल कुमार साह, चंद्रदेव प्रसाद साव, भोला साव, दिनेश गुप्ता, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह की जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रजरप्पा। सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को वीर कुंवर सिंह की जयंती पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस दिन को याद करते हुए छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें वीर कुंवर सिंह के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पाजंलि देकर की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ वीर कुंवर सिंह की जीवनी, 1857 ई. की गौरव कथा, कविता पाठ, राष्ट्रभक्ति गीत, प्रेरक जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। उन्होंने वीर कुंवर सिंह के जीवन एवं प्रमुख रूप से 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रमुखता से याद किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या गायत्री कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अक्षय कुमार सिंह, शुक्ला चौधरी, शेखर कुमार, इंद्रजीत सिंह, रेखा पाठक, राकेश सहाय आदि की प्रमुख भूमिका रही।

राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया

पुस्तक हमारा सबसे अच्छा मित्र, इसे समझे :डॉ शारदा

रामगढ़। शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विश्व पुस्तक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ शारदा प्रसाद एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकर लाल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डॉ शारदा प्रसाद ने कहा कि पुस्तक हमारे जीवन को बेहतर बना सकती है। हमारे व्यक्तित्व का विकास कर सकती है। हमारी पढ़ने की क्षमता बढ़ाती है। हमारे अकेलेपन को दूर करती है। हमें पुस्तकों को अपना मित्र बनना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सचिव को भारतीय सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी अनेक रोचक पुस्तकें भेंट की। वही, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने कहा कि हम सभी को वीर कुंवर सिंह के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने 80 वर्ष की उम्र में भी अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन

कार्यक्रम के दौरान वीर कुंवर सिंह जयंती भी मनाई गई। बच्चों के बीच कुंवर सिंह के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बाल भारती एवं किशोर भारती के के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पूरबडीह में चल रहे पांच दिवसीय हरिकीर्तन में शामिल हुई पूर्व विधायक ममता देवी

गोला। गोला प्रखंड के पूरबडीह में चल रहे पांच दिवसीय हरिकीर्तन में बीती रात अतिथि के रूप में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने राधा-कृष्ण मंदिर और मां दुर्गा के मंदिर में माथा टेककर भगवान श्रीकृष्ण, माता राधा रानी और मां दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूर्व विधायक ने कहा कि हरिकीर्तन होने से पूरा गांव भक्तिभाव में लीन हो जाता है। साथ ही देवी-देवताओं की सच्चे मन से आराधना करने से मनुष्य के सभी प्रकार के कष्ट दूर होते हैं। हरिकीर्तन में शामिल होने पर कमिटी के लोगों ने पूर्व विधायक ममता देवी का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राधा बिनोद प्रजापति, सचिव शंकर राम, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार, नीलकमल महथा, दीप नारायण महतो, महावीर महतो, सुरेश राम, शंभू महतो, पिंटू महतो, अनूप, दीपक, कपिल, श्रीकांत, आशीष, गौरीशंकर महतो, संतोष महतो सहित कई लोग शामिल थे।

देश ही नहीं विदेशों में भी रोटरी की सेवा भावना अग्रणी भूमिका निभाती है : प्रवीण शर्मा

भुरकुंडा। रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सह रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के आरटीएन प्रवीण शर्मा ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर बताया कि मेरा पुत्र अभितेश प्रराशर जो कि हंगरी से नेशनल टीम में क्रिकेट खेलता है। क्रिकेट खेलने के दौरान उसके पैर में लिगामेन्ट की प्रोब्लम आई। जिसके बाद मैंने रोटरी क्लब ऑफ बुडापेस्ट सिटी की अध्यक्षा रोटेरियन विक्टोरिया वीटा ग्रिस्सुलर से संपर्क किया। उन्होंने मेरी बात सुनकर मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने तत्काल डॉक्टर से संपर्क कर मुझे तथा मेरे बेटे को सूचित कर इलाज की व्यवस्था करवाई। साथ ही डॉक्टर का नंबर भी हमें मुहैया कराई। श्री शर्मा ने कहा कि क्लब के बारे में मुझे आज एहसास हुआ कि यह कितना मददगार साबित हो सकता है। क्लब को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि मैं आज उनकी मदद से इतनी दूर बैठकर भी अपने बेटे की चिंता न करते हुए संतुष्ट हुआ हूं, यह सिर्फ रोटरी इंटरनेशनल की देन है। प्रवीण शर्मा ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी की सेवा भावना देश ही नहीं विदेशों में भी अग्रणी भूमिका निभाता है।

अनियंत्रित बाइक नाले में गिरी, बाइक सवार घायल

भुरकुंडा। ओपी क्षेत्र अंतर्गत पतरातू-भुरकुंडा मेन रोड पर डीवीसी सब-स्टेशन के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। दुर्घटना में बाइक पर सवार तीनों युवक घायल हो गये। घायलों की पहचान सौंदा डी निवासी सोनू व टालीमान धौड़ा निवासी दिलीप कुमार और राहुल कुमार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार तीनों युवक बिना नंबर के हीरो एक्सट्रीम बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा डी ओर जा रहे थे। इस दौरान सब-स्टेशन के निकट तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नाले जा गिरी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सोनू व दिलीप कुमार को घर भेज दिया गया। वहीं गंभीर रूप घायल राहुल कुमार को रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 16 क्रिकेट मैच में पाकुड़ ने रामगढ़ को 7 विकेट से हराया

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 16 का आयोजन सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में रामगढ़ बनाम पाकुड़ के बीच खेला गया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र आरक्षण करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में रामगढ़ ने 35 ओवर में 197/10 विकेट खोकर रन बनाए। जिसमें देवेश गोयल 53 रन, अंतरिक्ष कुमार 41 रन, हर्षित कुमार 40 रन बनाएं। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद 7 ओवर 27 रन 3 विकेट, चिंटू सिंह 4 ओवर 6/3 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 34.3 ओवर में 198/3 विकेट के नुकसान पर बना कर मैच जीत लिया। इनके मुख्य बल्लेबाज सोबर शेख 88 रन बनाएं एवं अर्जुन गोस्वामी 50 रन बनाएं। पाकुड़ ने 7 विकेट से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर मो उजैर तथा अजमल हुसैन थे।जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया। मैच ऑब्जर्बर डलिया राव, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाला गया जेल

रामगढ़। शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोप में सोनडिमरा बरलांगा निवासी रूपेश कुमार पिता दिवाकर महतो को मंगलवार को महिला थाना पुलिस जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि एक युवती ने महिला थाना में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला दर्ज कराई थी। जिसे रामगढ़ महिला थाना कांड संख्या 5/24 धारा 376/417 के तहत मामला दर्ज कर रूपेश कुमार को जेल भेज दिया गया।

महावीर मंडल ने कुजू बस्ती हनुमान मंदिर में मनाया हनुमान जयंती

कुजू। कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में मंगलवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में भगवान हनुमान का विधिवत पूजा अर्चना की गयी। जयंती के अवसर पर श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती द्वारा हनुमान मंदिर में पंडित यमुना पांडेय द्वारा यजमान बने सागर कुमार को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। वहीं, संध्या बेला में स्थानीय महिला श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। बाद में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, क्षेत्र के श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती, नया बाजार टांड़ हनुमान मंदिर, कुजू बड़ा मंदिर में स्थापित हनुमान की प्रतिमा, डटमामोड़, श्रीराम चौक केबीगेट के अलावे आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, बोंगावार, करमा, रतवे, छोटकीडूंडी, बड़कीडूंडी में विधिवत पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से हनुमान जयंती मनाया गया।

अपराधियों के खिलाफ जारी है डीसी का सख्त आदेश

एक अपराधी को किया जिला बदर, तीन को लगानी होगी थाने में हाजरी

रामगढ़। डीसी चंदन कुमार लोकसभा चुनाव को अपराधियों के प्रति काफी सख्त दिख रहे है। वे लगातार अपराधियों के खिलाफ आदेश निकाल रहे है। इसी के तहत डीसी चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जो कि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी, कर्मियों को लेवी के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश

करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में डीसी सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं।

इसके खिलाफ हुआ आदेश जारी

अपराधी दीपक करमाली उर्फ नेपाली पतरातू, अपराधी सुनील राम उर्फ सुनील मोची पतरातू, अपराधी मोनू सोनी पतरातू को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने के लिए आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा।

ये हुआ जिला बदर

इसके अलावा डीसी सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी स्टीम कॉलोनी पतरातू निशांत सिंह के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अभियुक्त को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र को अविलंब जमा कराए थाने में

यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्राधारित नहीं करेंगे। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

जिले के सभी प्रखंडों मे मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बीएलओ द्वारा मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट के माध्यम से मतदाता मतदान करने की प्रक्रिया, सी-विजिल एप्प, निर्वाचन से संबंधित टोल प्री नं 1950, वोटर हेल्पलाइन एप्प, ईवीएम वीवीपैट इत्यादि से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिले के विभिन्न गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंप द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त गैस सिलिंडर पर स्टीकर, पेट्रोल पंप परिसर पर हस्ताक्षर बोर्ड व सेल्फी पॉइंट लगाकर 20 मई 2024 के दिन आमजनों को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है, ताकि कोडरमा वासी 20 मई को ध्यान में रख कर नैतिक मतदान करें।

बीएड के संशोधित सिलेबस पर सत्र 2022-24 के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 23.04.2024 दिन मंगलवार को विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम 2023 पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सत्र- 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। इस दौरान सहायक प्राध्यापक राजेश पाण्डेय ने बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा किये। उन्होंने प्रशिक्षुओं को परीक्षा सम्बंधित नियम-परिनियम को विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, मो. सेराज, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा ग्रुप डिस्कशन कॉम्पिटिशन संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, डोमचांच के तत्वाधान में मंगलवार को डोमचांच नगर पंचायत स्थित श्री महेश एकेडमी में ग्रुप डिस्कशन कॉम्पिटिशन संपन्न किया गया। ग्रुप डिस्कशन कॉम्पिटिशन में ÷सोशल मीडिया÷ के पक्ष में वर्ग नवम् की छात्राओं और विपक्ष में दशम् की छात्राओं ने एक दूसरे का प्रत्युत्तर करते हुए अपने-अपने विचारों को प्रस्तुत किया, जिसमें दशम् की छात्राएं अपनी बातों को बेहतर तरीके से रखा परिणामस्वरूप उन्हे विनर घोषित किया गया और नवम् की छात्राएं रनर घोषित हुई। विनर ग्रुप में रुखसार परवीन, कोमल गोस्वामी, अनिशा कुमारी, नैंसी राणा और शाहीन परवीन थीं, जबकि रनर ग्रुप में कुसुम गोस्वामी, ज्योति कुमारी,जसमिन कुमारी,सोनम कुमारी और तमन्ना परवीन शामिल थीं। निर्णायक के रूप में निदेशक सुनील कुमार सिन्हा और मार्गदर्शक के रूप में प्राचार्या रीना दाराद उपस्थित थीं।

श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव उत्सव भक्ति भाव के साथ संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान महोत्सव 43 वां वार्षिक उत्सव केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल परिवार और श्रद्धालु भक्तों की ओर से सामूहिक रूप से वीर हनुमान को भव्य गजरा अर्पित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों ने भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। कार्यक्रम में कई श्रद्धालु भक्तों ने वीर हनुमान सहित बाबा श्याम, भोले शंकर ,माता दुर्गा पर आधारित भोजपुरी राजस्थानी, क्लासिकल आधारित भजनों को प्रस्तुत किया। धनबाद से आए धनबाद से आए भजन गायक अभिषेक सिंघल, पंकज शर्मा, दीपक अरोड़ा ,जमशेदपुर से अनामिका सिंह, सरिया का धीरज पांडेय ने दुनिया चले न राम के बीना और राम जी चले ना हनुमान के बिना .....। जहां-जहां कीर्तन होगा श्री राम कि पहरा लगेगा वीर हनुमान का.....। चप्पा चप्पा लंका जले.....। हर कदम पर सांवरे जब मेरे साथ है.....। जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। स्थानीय भजन मंडली श्याम मित्र मंडल ,श्यामशरण में आजा रे, सांवरे की सखियां ,सियाराम सत्संग समिति, सहित दर्जनों भजन मंडलीयां ने भजन प्रस्तुत किया। वहीं रिद्धम डांस एकाडमी, नटखट प्ले स्कूल, के बच्चों ने आरती और भक्ति संगीत पर भक्ति संगीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश किया, वही आकाश योग केन्द्र के बच्चो ने योगेष्टीक योगा प्रस्तुत कर लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबुर किया। गायत्री परिवार वही गायत्री परिवार के द्वारा

हनुमान मंदिरों में दिन भर जुटे श्रद्धालु

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु भक्त जुटने लगे ।इस दौरान मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन कार्यक्रम भी आयोजित किया । मंदिरों को सजाया एवं संवारा गया एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

दीप यज्ञ प्रस्तुति की गई। पूजा अर्चना आचार्य अनिल मिश्रा ,पंडित विजय पांडेय , अजय उपाध्याय ने कराई ।मंच संचालन गौतम पांडेय, अनूप मोदी ,राकेश कापसिमें, गिरधारी सोमानी, सीमा सहल,ने प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव,पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ,भारत विकास परिषद के नारायण सिंह, अजय अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद में अरविंद सिंह, मनोज चंद्रवंशी, अजय वर्मा, पंकज दुबे, सुषमा सुमन, दीनानाथ पाण्डेय, गौशाला समिति के प्रदीप केडिया अग्रवाल समाज के सचिव हिमांशु केडिया भारतीय स्टेट बैंक झुमरी तिलैया शाखा के मुख्य प्रवंधक अमर कुमार सिंह, सहित कई श्रद्धालु भक्त शामिल हुए इधर कार्यक्रम के समापन हवन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल के अलावा सही संगठन धार्मिक संगठन के पदाधिकारी

को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नवीन सिन्हा, उपाध्यक्ष सुजय सिंह, विक्की केसरी, अरविंद चौधरी, चन्द्रशेखर जोशी,बबलू पांडेय,सुशील सिन्हा, मनोज माथुर ,विजय सिंह, राकेश राजपूत, उमंग अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, लखन सिंह,भैरों प्रसाद, नितीन मिश्रा,राजा चौरसिया, ज्योति पहाड़ी,आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे।

चुनाव को लेकर एडीएम ने की निरसा केलियासोल और एग्यारकुंड के बीडीओ के साथ की बैठक

विकलांग मतदाताओं को उसके घर से आने जाने की व्यवस्था विकलांग दिव्यांग एवं वरिष्ठ महिला पुरुष के लिए अलग लाइन की व्यवस्था मतदान केंद्र में*एडीएम*

एग्यारकुंड/ निरसा। मंगलवार को एडीएम आपूर्ति सप्लाई जियाउल अंसारी की अध्यक्षता में चुनाव को लेकर एक बैठक निरसा प्रखंड सभागार में की गई बैठक। बैठक में मुख्य रूप से निरसा केलियासोल और एग्यारकुंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी दो विकलांग मतदाता जीपीएस अर्चना कुमारी सीडीपीओ सहित प्रखंड के कर्मी मौजूद थे बैठक में श्री अंसारी सभी को निर्देश दिया कि सुबह 7 से लेकर 11 बजे तक सभी विकलांग दिव्यांग वरिष्ठ महिला पुरुष का मतदान अवश्य कराय विकलांग मतदाताओं से मतदान में होने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछा गया इसके बाद श्री अंसारी ने कहा कि विकलांग मतदाताओं को उसके घर से आने जाने की व्यवस्था विकलांग दिव्यांग एवं वरिष्ठ महिला पुरुष के लिए अलग लाइन की व्यवस्था मतदान केंद्र में रैंप और व्हीलचेयर की व्यवस्था एवं मतदान वॉलिंटियर केंद्र में तैनात रहेंगे जो मतदाताओं को अपने की व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे साथ ही मतदान केंद्र में लाइट पंखा शौचालय इत्यादि की व्यवस्था करने को कहा गया वैसे मतदाता जो अपने घर से आने-जाने में असमर्थ है वैसे लोगों को घर से ही मतदान करवाया जाएगा एवं जो वरिष्ठ दिव्यांग विकलांग महिला पुरुष है उसे गाड़ी द्वारा प्रशासन घर से मतदान केंद्र लेगा एवं मतदान कर कर पहुंचाएं की व्यवस्था कराएगा एक भी मतदाता छोटे नहीं सत प्रतिशत मतदान को लेकर सरकार किस संकल्पित है सुबह 7:00 बजे से लेकर 5:00 तक मतदान होगा मौके पर उपस्थित सभी वीडियो को सारी सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

झूठों की जमात को, कोडरमा में मिलेगा करारा जवाब : रमेश सिंह

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा = भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि कोडरमा में इन दिनों झूठ बोलने वालों की जमात सक्रिय हो गयी है जो तथ्यहीन बातों के आधार पर कीचड़ उछालने में व्यस्त है। लेकिन इन अराजकता वादियों को याद रखना चाहिए कि कीचड़ में ही कमल खिलता है और इस बार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के घर घर में, एक एक ईवीएम में कमल खिलने से कोई रोक नहीं सकता। रमेश सिंह ने कहा कि घमंडीया गठबंधन और अराजक भाकपा माले के लोग आईना देखने के आदी नहीं, वरना उन्हें खुद अपना कलुषित चेहरा देखकर शर्म आ जाती। बिहार ङ्क झारखण्ड के जेल में बंद सबसे बड़े घोषित बालू चोर के घर में बैठकर वे जनता को बालू की हो रही किल्लत पर बेशर्मी से बयान जारी करते हैं7 सत्ता के संरक्षण में ढिबरा का काला कारोबार करनेवाली और ढिबरा चुन ङ्क बीछ्कर दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करनेवालों के पेट पर लात मारनेवाली हेमंत ङ्क चंपाई सरकार की चरणवंदना करनेवाले लोग ढिबरा के मसले पर जबरदस्ती सांसद और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। अब एक नया शिगूफा लिथियम का फैलाया जा रहा है। अगर केंद्र सरकार ने लिथियम के नाम पर ढिबरा पर कोई रोक लगाई है तो ये बेशर्म साक्ष्य सामने क्यों नहीं लाते। हालांकि इनके इसी बयान से मूर्खों की इस जमात ने यह भी साबित कर दिया है कि इन्हें जनता के रोजी रोजगार की कितनी फ़िक्र है। कोडरमा की समझदार और जागरूक जनता ही इन्हें समझा देगी कि यदि वाकई यहाँ लिथियम का रिजर्व मिला तो रोजगार और कारोबार के लिहाज से वो ढिबरा से कई गुना ज्यादा कारगर होगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें भाकपा माले की ओर से एक प्रवासी मजदूर को आँख फोड़ने की धमकी दी जा रही है। रांची के जगन्नाथ मैदान में सिर फुटव्वल करके भी इन्होने अपना असली चेहरा दिखा दिया है। ऐसे में कोडरमा लोकसभा की जनता इन्हें सपने में भी समर्थन देने की गलती नहीं कर सकती।

हिन्दू क्षेत्रीय संगठन ने किया निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हज़ारीबाग - बड़ा अखाड़ा परिसर के सामने हजारीबाग में लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सभी हिन्दू क्षेत्रिय संगठनों की एकजूटता के साथ हुआ। इस उद्घाटन समारोह में श्रद्धेय विजयानंद दास महंत बड़ा अखाड़ा के द्वारा मंत्रोचारण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया । श्री हनुमान जन्मोत्सव तथा कार्यालय उद्घाटन के मौके पर शशि भुषण केशरी द्वारा जय श्री राम के जयकारे के साथ सभी क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों एवं मीडिया बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाजसेवा , समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना, हमारे देश की बहन-बेटियों की सुरक्षा, बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ समस्त हिन्दू परिवार को एकजुट करना है, ना की आज के नेताओ की तरह जो अपनी राजनीति के चलते हम हिन्दू परिवारों को अलग-अलग जातियों में अलग-अलग धर्मो में बाँटकर सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे है । हमारी बहन - बेटियां सुरक्षित नही है। रोजगार के नाम पर बेरोजगार युवकों का छला जाना ऐसी राजनीति हम समस्त हिन्दू परिवारों के साथ-साथ हमारे धर्म, हमारी संस्कृति और हमारे राष्ट्र को कमजोर बनाने का काम करती है। हम सब हिन्दू परिवार जो असल में एक है लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने हमें अलग कर रखा है । ऐसी ओछी और गंदे मानसिकता वाली राजनीति के बारे मे सोचने की जरूरत है ।

बड़कागांव में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई

बड़कागांव - बड़कागांव प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित मां रुकमणी सभागार भवन में महान देशभक्त दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन हजारीबाग जिला महासचिव कुलेश्वर साहू एवं संचालन डुभन साव ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास साव उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भामा शाह के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डाला। और लोगों ने आदर्श मानकर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से अशोक साहू हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन साहू हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष, शिवा साहू, धनेश्वर साहू, नरेश साहू, आशीष कुमार साहू, उमेश साहू सहित विभिन्न गांव से दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कोठियार पंचायत के अंतर्गत 1100 किलो महुआ जावा को किया गया ध्वस्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सतगावां प्रखण्ड के कोठियार पंचायत के ग्राम कोठियार के टोला नावाडीह के नदी नाला के स्थित जंगल के पास अबैध महुआ शराब कारोबार किया जा रहा था। सतगावां थाना के गुप्त सुचना के आधार पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता एवं अपने टीम साथ हवलदार चारलीस किसकु कांस्टेबल पवन कुमार भुशंन सिंह चौकीदार भुशंन राय भी शामिल थें एवं अबैध देशी महुआ शराब कारोबार पर सतगावां थाना प्रभारी कि ओर से अबैध महुआ शराबों एवं अबैध महुआ शराब के कार्य किये जाने वाला भट्ठी को भी नष्ट किया गया। जिसमें कारीब 1100 किलोग्राम जावा महुआ को भी विनष्ट किया गया एवं सतगावां थाना कि ओर से ऊंचीत कारवाई की जा रही हैं।

राज्य स्तरीय टीम ने बलियापुर के विद्यालयों का किया निरीक्षण

बलियापुर = राज्य स्तरीय टीम ने मंगलवार को मंगलवार को प्लस टू उच्च विद्यालय बलियापुर और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बलियापुर का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में बलियापुर प्लस टू में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुकी भवन को एक सप्ताह के अंदर विद्यालय को हस्तगत करने का आदेश दिया तथा विद्यालय में साफ सफाई एवं अन्य कार्य करने का निर्देश दिया इसके बाद टीम इसके बाद टीम कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंची पहुंची जहां उन्होंने सरकार को देखा एवं गतिविधि आधारित शिक्षा देने की बात कही आज के निरीक्षण टीम में पल्लवी शा, रजनीकांत मिश्रा, बीइइओ रीना कुमारी, सहायक अभियंता विनय कुमार, कनीय अभियंता तज्जमुल, प्रधान शिक्षक संतोष सिन्हा, वार्डन रीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

योगेश कुमार सोनी

देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए

वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।

राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं।

अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनाव में दर्ज नहीं करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है। चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। इसके अलावा इतिहास व वर्तमान को समझने के लिए तुरंत गूगल भी किया जा सकता है लेकिन इन बातों के लिए राजनीति में रुचि लेना बहुत जरूरी है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तभी आप समझ पाएंगे अन्यथा सब व्यर्थ है। बहरहाल जैसा कि सात चरणों में होने वाले इस लोकसभा चुनाव में अभी 6 चरण बचे हैं, मेरी युवाओं व अन्य से अपील है कि वे अपने मत का गंभीरता समझें और वोट जरूर देने जाएं। देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

'भवानी' गलत तो 'श्री राम'?

उद्धव ठाकरे की चुनाव आयोग से फिर ठन गई है। उनके नेतृत्व वाले गुट को आवंटित चिह्न 'मशाल' की थीम सांग में 'भवानी' का उल्लेख हुआ है। आयोग इसे हिन्दू धर्म की देवी का पर्याय मानते हुए बदलने को कहा है। चुनाव में धार्मिक संज्ञाओं, प्रतीकों, नारों आदि के उल्लेखों की सिद्धांततः मनाही है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अतः पार्टियों से अपेक्षा है कि वे किसी एक धर्म और उनके प्रतीकों के आधार पर प्रचार न करें। वोट न मांगें। इससे उस सर्वसाधारणता की भावनाओं की अवज्ञा हो जाती है, जिसका आदर संविधान का मूल अभिप्राय है। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि 'भवानी' नाम महाराष्ट्र, जिसमें इसके सभी धर्मों-विासों के नागरिक रहते आए हैं, वह छत्रपति शिवाजी के बलिदानों की पावन कर्मभूमि है, जिन्होंने 'भवानी' का नाम लिया है। शिवाजी माने महाराष्ट्र। इन्हीं शिवाजी के नाम पर उनके पिता बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना, जो पिछले साल बंट गई थी, की बुनियाद रखी थी। वे इस शब्द को नहीं बदलेंगे। उद्धव का यह रवैया आयोग से रार मोल लेने जैसा लगता है। इसलिए भी कि आयोग और न्यायालय ने बाला साहेब के मताधिकार को छह साल तक के लिए निलंबित कर दिया था। तब उन्होंने चुनावी भाषण में हिन्दू वर्चस्व के आधार पर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की वकालत की थी। पर उद्धव का मामला इससे भिन्न है। उन्हें आयोग से शिकायत है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर्नाटक विधानसभा चुनाव एवं गृहमंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश चुनाव में क्रमशः बजरंगबली के नाम पर बटन दबाने एवं चुनाव बाद राम मंदिर के मुफ्त दर्शन के उल्लेखों पर आंखें मूंद लेता है। इस बाबत लिखे गए उनके शिकायती पत्र का जवाब तक नहीं देता है। क्यों? इसका जवाब दिए बगैर उद्धव के विरुद्ध कोई कार्रवाई क्या मुनासिब होगी? आयोग समथरे को दोषी नहीं मानता है तो वह समदर्शी कैसे हो सकता है? फिर चुनाव दर चुनाव में लग रहे ह्यजय.राम' के नारे को क्या कहा जाएगा? दरअसल, 'मशाल' गीत के बोल और उसका संदेश शिकायत की एक बड़ी वजह है। इसमें 'तानाशाही' को खत्म करने की बात कही जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि यह मूल शिवसेना की थीम सांग की तरह लोगों को उद्धव गुट की तरफ खींचेगा। जिन वगरे को यह गीत संबोधित है, उसके आधार की एकमात्र प्रवक्ता आज कोई और पार्टी हो गई है। नोटिस का यह भी एक कारण है-उद्धव को लगता है। इनके बावजूद उन्हें नोटिस का तर्कपूर्ण उत्तर देना चाहिए। आयोग को भी इस पर विचार करना चाहिए।

चिंतन-मनन

अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते।

इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते।

इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? क्या उनके गुणों के लिए या मित्रता और अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल उनके गुणों के लिए, तुम किसी से प्रेम कर सकते हो!

इस प्रकार का प्रेम प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या पैदा करता है। परन्तु जब प्रेम आत्मीयता के कारण होता है, तब ऐसा नहीं होता। जब तुम किसी को उनके गुणों के लिए चाहते हो और जब उनके गुणों में बदलाव आता है, या जब तुम उनके गुणों के आदी हो जाते हो, तुम्हारा प्रेम भी बदल जाता है। परन्तु प्रेम यदि अपनत्व के भाव से है, क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वह प्रेम जन्म-जन्मान्तरों तक रहता है।

लोग कहते हैं, मैं ईश्वर से प्रेम करता हूं क्योंकि वे महान है। और यदि यह पाया जाए कि ईश्वर साधारण हैं, हमारे जैसे ही एक व्यक्ति, तब तुम्हारा प्रेम समाप्त हो जाएगा। यदि तुम ईश्वर से इसलिए प्रेम करते हो क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वे चाहे जैसे भी हों, चाहे वे रचना करें या विनाश, तुम फिर भी उन्हें प्रेम करते हो। अपनेपन का प्रेम स्वयं के प्रति प्रेम के समान है।

दलबदलू: हमको उनसे वफा की है उम्मीद ?



तनवीर जाफ़री

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हाँ कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी , जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही टछअ का फुल फार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मकसद ही धनार्जन, स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो जाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज कोई महत्व रखती। ऐसे जमीर फरोशों और मौका परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाकिफ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की गरज से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर दलबदलू होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौकापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मकसद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई जरुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फिलहाल कोई खास जरुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को पन्ना प्रमुख बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाजा करा दिया है।

दलबदलुओं खासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और खेल खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुजारियां, इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहजाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नजर नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया। दरअसल इसमें जमीरफरोश नेताओं की गलती कम जबकि इन्हें समर्थन देने वाली आम जनता की गलती ज्यादा है। विचार परिवर्तन यानी वैचारिक यू टर्न लेने के बावजूद तथा यह समझने के बावजूद कि अमुक नेता ने केवल पार्टी प्रत्याशी न बनाये जाने के लिये दलबदल किया है यानी वह नेता स्वार्थी है फिर भी जनता उसके पीछे लगी रहती है ? लोगों को पता है कि अमुक नेता भ्रष्टाचारी है और केवल अपने आप को सुरक्षित रखने के लिये सत्ता की शरण में जा रहा है, फिर भी ऐसे नेता के समर्थक उसकी जयजयकार करते रहते हैं ? जनता ने खुद सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफादार न हुये जिसमें रहकर उन्हें मान, नाम, इज्जत, शोहरत, पद रुतबा पहचान आदि वह सब कुछ मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी कीमत लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता, अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफादार हो सकता है ? बकौल मिर्जा गालिब - हमको उनसे वफा की है उम्मीद? जो नहीं जानते वफा क्या है।

माइक्रो प्लास्टिक : दिमाग पर घातक हमला

सुशील देव

कई वजहों हमारा पर्यावरण और वातावरण दूषित हो रहा है, जिसके हम किस्तों में शिकार बन रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदाथरे के कारण हम पहले से ही कई बीमारियों की जद में हैं, लगातार प्रदूषण के कारण हमारी सांसें उखड़ रही हैं तो आए दिन जलवायु परिवर्तन की वजहों से हमें अकल्पनीय विपत्तियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उस पर घातक व मारक माइक्रो प्लास्टिक ने हमें चिंता में डाल दिया है। प्लास्टिक के कण जाने-अनजाने में हमारी आंखों से होते हुए शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों तक पहुंच रहे हैं, जो हमारे दिमाग पर भी असर डालने लगा है। दिमाग तक असर डालने का मतलब मानव जाति के लिए प्लास्टिक के छोटे-छोटे कण खतरनाक संदेश दे रहे हैं। इसलिए हमें इस खतरे को देखते हुए पहले ही चेत जाना चाहिए।

द यूनिर्वसटिी ऑफ न्यू मैक्सिको एंड हेल्थ साइंसेज से जुड़े वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह दावा किया है कि माइक्रो प्लास्टिक ने हमें गहरे तौर पर अपने शिकंजे में ले लिया है, इससे छुटकारा पाने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे, वरना स्थिति बहुत भयावह होने वाली है। अध्ययन के मुताबिक प्लास्टिक प्रदूषण के महीन कण भोजन, पानी और हवा में घुल चुके हैं जो न केवल हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि हमारे आंतों से होते हुए शरीर के अन्य अहम अंगों जैसे गुर्दा, लीवर और मस्तिष्क तक पहुंच रहे हैं। दूसरा अध्ययन यह भी बताता है कि माइक्रो प्लास्टिक समुद्री जानवर और पौधों में भी पाए गए हैं।

इतना ही नहीं, हम जिस बोतल बंद पानी को शान से शुद्धता की दुहाई देकर पीते हैं उनमें भी माइक्रो प्लास्टिक के अंश मिल रहे हैं।

यह बेहद महीन कण होते हैं जिसे हम नंगी आंखों से नहीं देख सकते, जो अत्यंत जहरीले और केमिकल की शक्ल में होते हैं। आज प्लास्टिक किसी न किसी रूप में घर-घर में घुस चुका है जिससे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। प्लास्टिक कप, थमोकॉल, सजावट के समान, प्लास्टिक स्ट्रॉ, पैकेजिंग फिल्म, पीवीसी बैनर, गुब्बारे लगाने वाली प्लास्टिक की डांडिया, प्लास्टिक बैग, झंडा, टॉफी कैंडी के स्टिक, प्लास्टिक के बर्तन, शादी कार्ड, मिठाई के डब्बे, दवा की की बोतलें, बाल्टी आदि से लेकर सैकड़ों घरेलू वस्तुएं जो हमारे दैनिक जीवन व्यवहार में हैं, उनसे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। हालांकि सरकार और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की पहल से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प समय-समय पर सुझाए गए हैं। कई योजनाओं पर काम भी चल रहे हैं। मगर इसके खतरनाक परिणाम को लोग अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। मोटा-मोटी जूट बैग, प्लैटिनम, सिलिकॉन, स्टेनलेस स्टील, कांच, मिट्टी के बर्तन या चीनी मिट्टी के उत्पादों का इस्तेमाल करके हम इस खतरे से थोड़ा बच सकते हैं। प्लास्टिक पर्यावरण वन्य जीवन और आमजन के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

यह प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है और इससे निकलने वाले जहरीले रसायन भूजल को प्रदूषित कर रहे हैं, जिससे घातक जानलेवा बीमारियां हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने माइक्रो प्लास्टिक की मात्रा की पहचान करने के लिए चूहों पर अध्ययन किया जिसमें पाया कि चूहे तो सिर्फ चार सप्ताह के लिए माइक्रो प्लास्टिक के संपर्क में आए थे तब उनमें कई तरह की खतरनाक बदलाव देखे गए। शोधकताओं ने इंसानी शरीर में जमा होते माइक्रो प्लास्टिक को लेकर गहरी चिंता जताई है क्योंकि धीरे-धीरे हमारे शरीर के अंगों से होते हुए अब यह इंसानी मस्तिष्क को प्रभावित करने लगा है।

सरकार इस समस्या के निदान के लिए कार्य तो कर रही है, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई जो चिंताजनक है। गौरतलब है कि पूरे देश में एक जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक के 20 आइटमों को प्रतिबंधित किया गया था। दिल्ली में इन आइटमों पर प्रतिबंध के बावजूद रोक अब तक प्रभावी नहीं दिखी है। अब दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी यानी डीपीसीसी ने इसके लिए एसओपी तैयार कर ली है। दिल्ली में लंबे वक्त से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगी हुई है। बार-बार अभियान चलाए जाने के बावजूद ये रोक असरदार साबित नहीं हुई है। बड़ी बात यह है कि इनका उत्पादन और बिक्री बंद नहीं हुई है। दिन-ब-दिन प्लास्टिक हमारे ईको-सिस्टम को बर्बाद कर रहा है। इसका संयुक्त भार प्रतिवर्ष करीब 300 मिलियन टन है जो जलमागरे और समुद्रों को अवरुद्ध कर रहा है, सड़कों को जाम कर रहा है, वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहा है और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है।

भविष्य की भयावह स्थिति से निपटने के लिए राज्य और केंद्र सरकार को और चुस्त होने की आवश्यकता है। उन्हें जागरूकता के लिए कई स्तरों पर काम करना चाहिए। यदि स्कूली पाठ्यक्रम में बच्चों को शुरू से ही प्लास्टिक के दुगुर्णों के बारे में बताया जाए तो कुछ हद तक प्लास्टिक पर नियंत्रण की कोशिश सफल हो सकती है। स्कूलों के करिकुलर एक्टिविटीज में प्लास्टिक के दुष्परिणाम के बारे में बताया जाना चाहिए। हफ्ते या महीने में प्लास्टिक पर परिचर्चा जागरूकता अभियान और कार्यशाला आयोजित किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर इस संकट को हल्के में न लेते हुए सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए।

जंगल में सैंकड़ो ट्रैक्टर अवैध बालू का किया गया भंडारण

टंडवा-वन क्षेत्र के फुलवरिया गांव से सटे जंगल में इन दिनों माफियाओं के द्वारा नदियों से अवैध खनन कर बड़े पैमाने पर बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा है। भंडारित स्थल पर सैंकड़ों ट्रैक्टर बालू का भंडारण है। जिसकी जानकारी न तो वन विभाग को है और न ही अन्य किसी प्रशासनिक पदाधिकारियों को। ग्जिन माफियाओं के द्वारा उक्त स्थल पर बालू का भंडारण किया गया है उनके द्वारा नदियों से जेसीबी की मदद से बालू का उठाव किया जाता है, और फिर जंगल में भंडारित कर बड़े कीमतों पर बेचा जाता हैं?। माफियाओं के इस करतूत से खनन विभाग और जिला प्रशासन को लाखों रूपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक पदाधिकारी की लापरवाही अथवा छूट के कारण माफियाओं का मन इतना बढ़ गया है कि नदियों से बालू का उठाव करने के बाद नदी तक जाने वाले रास्ते को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर देते हैं जिससे आम ग्रामीणों को आवाजाही में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि माफियाओं के द्वारा भंडारित बालू को शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन निर्माण में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी को ऊंची कीमतों में बेचा जाता है। इसके अलावा जब ग्रामीण अपने निजी उपयोग के लिए नदी से बालू का उठाव करने जाते हैं तो उनके साथ बदसलूकी भी की जाती है??। मामले को लेकर अंचलाधिकारी विजय दास ने बताया कि आपके द्वारा जानकारी दी गई है। जांच कर भंडारण जब्त करने के साथ शामिल लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोल वाहन ट्रक के चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल दो युवक की मौत

-घटना के विरोध में कोलवाहनो के आवाजाही पर रोक

टंडवा- स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरवार पथ पर स्थित नईपारम के समीप कोयला ढुलाई में लगे ट्रक के चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जिनकी पहचान हजारीबाग जिलांतर्गत केरेडारी थाना क्षेत्र के पगार गांव निवासी गुलाब महतो के 27 वर्षीय पुत्र छोटे कुमार व रांची जिलांतर्गत राय बस्ती निवासी मुनेश्वर महतो के पुत्र संदीप कुमार के रूप में की गई। यह घटना मंगलवार दोपहर की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताविक दोनों युवक पल्सर मोटरसाइकल संख्या जेएच 01 ईएम 6074 से टंडवा की ओर आ रहे थे। इसी बीच विपरित दिशा से ट्रक संख्या जेएच 02 ए डब्लु 3045 अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाईक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डा. गीताजंलि कुमारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग जाने के क्रम दोनों घायल युवको ने दम तोड़ दिया। उक्त आशय की पुष्टि करते हुए पुलिस इन्सपेक्टर सह थाना प्रभारी अनित उरांव ने बताया कि हजारीबाग जाने के क्रम मे दोनो घायलों की मृत्यू हो गई। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर ली है। जबकि चालक भागने मे सफल रहा। समाचार लिखे जाने तक कोल वाहनो के आवागमन बाधित थे।

कर्नाटक, गुजरात स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में सबसे आगे : रिपोर्ट

नई दिल्ली। देश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में कर्नाटक और गुजरात सबसे आगे हैं, जबकि झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। शोध संगठन इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) और स्वच्छ ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर की संयुक्त रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि कर्नाटक और गुजरात ने सभी आयामों में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। इन राज्यों ने अपने बिजली क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रभावी ढंग से जोड़ा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में मजबूत प्रगति हुई है। दूसरी ओर झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को सुधार की जरूरत है। यह रिपोर्ट ऐसे वक्त में जारी हुई है जब भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की लहर चल रही है। इसके कारण बिजली मंत्रालय 260 गीगावाट की अनुमानित अधिकतम बिजली मांग की तैयारी कर रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में सौर ऊर्जा जैसी अधिक स्वच्छ ऊर्जा के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा होती हैं। आईईईएफए के निदेशक (दक्षिण एशिया) और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक विभूति गर्ग ने कहा कि चक्रीय मौसमी परिस्थितियों के साथ ही तेज आर्थिक गतिविधियों के कारण भारत में हर साल अधिकतम बिजली की मांग बढ़ रही है। केंद्र सरकार ग्रिड में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा को जोड़ने के लिए कदम उठा रही है, हालांकि राज्यों को भी ऐसा करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब राज्य स्तर पर कई मापदंडों की लगातार निगरानी करने की जरूरत है। एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक आदित्य लोला ने कहा कि कुछ राज्यों ने विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा नियोजन को बढ़ावा देने, कृषि जरूरतों के लिए सौर पंपों को बढ़ावा देने और अपनी बिजली प्रणालियों में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ने के लिए भंडारण समाधान बढ़ाने जैसे प्रगतिशील कदम उठाए हैं।

मुंबई हवाई अड्डे पर साढ़े छह करोड़ का सोना-हीरा जब्त, चार गिरफ्तार

मुंबई। पिछले कुछ महीनों से देशभर में सोने की तस्करी की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई है। उधर, कस्टम विभाग के अधिकारी भी बढ़ रहे मामलों को देखते हुए सतर्क हैं और सोने की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कर रहे हैं. इस बीच कस्टम विभाग ने सोमवार को मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नूडल्स और अंडरवियर के पैकेट के जरिए तस्करी कर लाए जा रहे करोड़ों रूपये मूल्य के सोना और हीरा जब्त किया है. मिली जानकारी के अनुसार कस्टम विभाग को इसकी जानकारी मिली थी. सूचना मिलते ही अधिकारियों ने संदिग्धों की तलाश की. इस दौरान आरोपियों के पास 254.71 कैरेट के प्राकृतिक हीरे और 977.98 कैरेट के प्रयोगशाला में विकसित हीरे कुल 2 करोड़ रुपये के हीरे पाए गए। इसके अलावा आरोपियों के पास 4.4 करोड़ रुपये मूल्य का 6.8 किलो सोना भी मिला. इन हीरों के साथ-साथ सोने की तस्करी नूडल्स के पैकेट और अंडरगारमेंट्स में की गई थी। इस मामले में कस्टम विभाग के अधिकारियों ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त हीरे और सोने की कुल कीमत करीब 6 करोड़ 46 लाख रुपये है. बताया गया है कि कोलंबो से मुंबई आये एक विदेशी नागरिक को हवाई अड्डे पर रोका गया और उसके अंडरगारमेंट्स के अंदर छुपाकर 24 कैरेट सोने की छड़ें और एक कटा हुआ टुकड़ा, जिसका कुल वजन 321 ग्राम था, ले जाते हुए पाया गया। वहीं मुंबई से बैंकॉक जा रहे एक भारतीय नागरिक को रोका गया और उसे अपने ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाकर हीरे की तस्करी करते हुए पाया गया। प्राकृतिक हीरे 254.71 कैरेट और प्रयोगशाला में विकसित हीरे 977.98 कैरेट जिनकी कीमत 2.02 करोड़ रुपये है, बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक इतनी बड़ी मात्रा में जब्त किया गया सोना विमान के जरिए विदेश से तस्करी कर लाया जा रहा था. मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारी ने चारों आरोपियों से गहन पूछताछ कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आपको बता दें कि पिछले महीने कस्टम विभाग की टीम ने तस्करी के दो बड़े मामलों में दुबई से लाया गया करोड़ों रुपये का सोना जब्त किया था.

सलमान खान के बाद अब विधायक जितेंद्र आह्वाड बिश्नोई गैंग के रडार पर

मुंबई। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सलामन खान के घर पर गोली चलाई गई। वहीं इस फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी सोशल मीडिया के जरिए बिश्नोई गैंग ने ली. इसके बाद मुंबई पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दिया और दो लोगों को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया. इसके बावजूद बिश्नोई गैंग शांत नहीं है. अब उसने शरद पवार गुट के एनसीपी नेता व विधायक जितेंद्र आह्वाड को अपने रडार पर लिया है.

वोटरों को बूथ तक लाने के लिए भाजपा ने बनाई विशेष रणनीति

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के बचे हुए छह चरणों में मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए भाजपा ने विशेष रणनीति तैयार कर ली है। पार्टी की कोशिश है कि अपने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा उत्साहित कर मतदाताओं को वोटिंग वाले दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़े और पार्टी की जीत का अंतर भी।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिन में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं से लोगों के घर-घर जाकर वोटरों से सीधा संपर्क स्थापित करने और मतदान के दिन टोलियां बनाकर उत्सव मनाते हुए पोलिंग बूथ पर जाने का आह्वान किया था। उन्होंने देशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करने की नसीहत देते हुए कहा था, ÷मेरा आपसे अनुरोध है कि आप घर-घर जाइए, सभी मतदाताओं के पास जाकर इन सारे विषयों के बारे में घर में बैठकर उन्हें बताइए और उनसे वादा लीजिए कि घर में शादी हो या छुट्टी हो लेकिन वे वोट करने जाएंगे। उनसे पक्का वादा लीजिए और और दूसरा काम, जब मतदान हो तो अपने पोलिंग बूथ पर उत्सव मनाइए। यह लोकतंत्र का उत्सव है, आनंद उत्सव होना चाहिए। छोटी-छोटी 15-20 लोगों की टोलियां बनाकर गीत गाते-गाते मतदान करने के लिए जाएं और हमारे गांव वाले तो तुरंत गीत बना भी लेते हैं। लोकतंत्र का जय-जयकार करते हुए जाए,उत्सव मनाएं और फिर मतदान कर वापस लौटें। तीसरा काम, हमें पोलिंग बूथ जीतना है। हमें एक भी पोलिंग बूथ हारना नहीं है। घर-घर जाना है। मतदाताओं को मिलकर सारी बातें बतानी है, सिर्फ दरवाजे पर पर्चा देकर नहीं आना है, बल्कि उनके घर में जाकर बैठना है, उनका पानी पीना है और उनसे 5-10 मिनट बात करनी है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद सोमवार को ही देर रात भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिस बैठक में नड्डा के अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, विनोद तावड़े, तरुण चुग, अरुण सिंह और दुष्यंत गौतम सहित अन्य कई नेता शामिल हुए।

सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को देर रात तक चली बैठक में शाह और नड्डा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देशभर में चलाए रहे चुनाव प्रचार अभियान, प्रथम चरण के तहत देश के 21 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे तमाम चुनावी अभियानों की समीक्षा की। सूत्रों की मानें तो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक बैठक में बूथ स्तर तक जाकर चुनाव के बचे हुए 6 चरणों मे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए घर-घर जाकर उन्हें अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर और कांग्रेस के घोषणापत्र सहित उन तमाम मुद्दों के बारे में जानकारी देने की रणनीति भी तैयार की गई, जिन मुद्दों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपनी चुनावी जनसभाओं में लगातार उठा रहे हैं।

भारत तोड़ो की राजनीति तुरंत बंद करे कांग्रेस : प्रमोद सावंत

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता विरियाटो फर्नांडीस के गोवा पर भारतीय संविधान थोपने संबंधी बयान पर राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भयावह करार देकर निशाना साधा है। सीएम सांवत ने कहा मैं इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान से स्तब्ध हूं। कांग्रेस को भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। गोवा के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक प्रमोद सावंत ने एक्स पर कांग्रेस नेता फर्नांडीस के चुनावी सभा में भारतीय संविधान को लेकर टिप्पणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के दक्षिण गोवा उम्मीदवार की टिप्पणियों से स्तब्ध हूं, जिसमें दावा किया है, कि भारतीय संविधान को गोवावासियों पर जबरदस्ती थोपा गया है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का पूरे दिल से मानना था कि गोवा भारत का अभिन्न अंग है। कांग्रेस ने गोवा की मुक्ति में 14 वर्ष की देरी की। अब, उनके उम्मीदवार ने भारतीय संविधान को कमजोर करने की हिम्मत की। सीएम सांवत ने कहा कि कांग्रेस को इस लापरवाह भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। कांग्रेस हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा है। गौरतलब है कि फर्नांडीस दक्षिण गोवा से कांग्रेस के लोक सभा उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा था कि वर्ष 1961 में पुर्तगाली शासन से आजादी के बाद गोवा पर भारतीय संविधान थोपा गया था। इस दौरान फर्नांडीस ने पिछले लोकसभा के दौरान राहुल गांधी के साथ अपनी बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान उनके सामने भी इस मुद्दे को उठाया था।

योगी आदित्यनाथ की हुंकार, बोले- भारत अंबेडकर के बनाए संविधान से चलेगा देश, किसी शरिया कानून से नहीं

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना की और कहा कि भारत 'भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, किसी शरिया कानून से नहीं'। उत्तर प्रदेश में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर परोक्ष हमला किया और कहा कि 1970 में, पार्टी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, और, 'ग़रीबी तो ख़त्म नहीं हुई लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आज़ादी मिल गई।'

योगी ने आगे कहा, 'तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है...तो हमारे दलित, पिछड़े, गरीब, किसान आदि कहां जाएंगे?' उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भी कांग्रेस और उसके सहयोगियों का शासन रहा, फिर भी 50 करोड़ लोगों के पास बैंक खाता नहीं था...अगर इतने सारे लोग इन बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं तो इसके लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी जिम्मेदार हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वे (कांग्रेस) गरीबी दूर नहीं कर पाए लेकिन अब उनकी नजर लोगों की मेहनत की कमाई, संपत्ति और आभूषणों पर है। वे

महिलाओं की मेहनत की कमाई और उनकी मेहनत से बनाए गए आभूषणों को लूटने की कोशिश कर रहे हैं... वे केवल देश को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं... अब भारत के लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे।' बागपत में योगी आदित्यनाथ ने कहा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में दो बाते नजर आती हैं पहला- कांग्रेस कहती है कि शरिया कानून लागू कर देंगे इसका मतलब वे बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के लिए खतरा पैदा करना चाहते हैं। तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं। उनका घोषणा पत्र कहता है कि गरीबी हटा देंगे। वो बेटी, बहनों और माताओं के गहनों को जब्त करने की साजिश रच रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि आज जो INDI गठबंधन के रूप में आपके सामने आए हैं उन्होंने देश के साथ गद्दारी की है और फिर से गद्दारी करने के लिए ये अपने घोषणापत्र के साथ आपके सामने आए हैं... कांग्रेस कहती है कि हमारी सरकार बनी तो हम शरिया कानून लागू करेंगे...भारत बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा न कि किसी शरिया कानून से।

पीएम मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अगले माह पंजाब में रैलियों व बैठकों में हिस्सा लेंगे

-पुलिस सुरक्षा के लिये तैयार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अगले महीने पंजाब आएंगे। वे रैलियों व बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसके लिये मान सरकार की आम राज्य प्रबंध विभाग की प्रोटोकॉल शाखा ने सभी विभाग के प्रमुख, डीसी, पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा इंतजाम को लेकर एक पत्र जारी किया है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि पीएम की सुरक्षा के इंतजाम को लेकर नियमों का पालन किया जाए। पत्र के अनुसार राज्य स्तर पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर जो भी इंतजाम किए जाते हैं वह पूरे होने चाहिए। इसमें सुरक्षा बैरिकेड्स, पार्किंग सुविधा व हेलीपैड समेत अन्य प्रबंध शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा जल्द ही अपने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी करने की तैयारी कर रही है। इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भी अगले माह से पंजाब में दस्तक देना शुरू कर देंगे। भाजपा ने अभी तक 9 और कांग्रेस ने 6 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। दोनों पार्टियों के अनुसार सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही वह प्रदेश में अपना प्रचार भी तेज कर देंगे। बता दें कि भाजपा ने चुनाव आयोग से अपील की थी कि पीएम सुरक्षा के लिए अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियां शामिल होती हैं। अनुभव न होने के चलते राजनीतिक दलों के प्रबंधकों को सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए राज्य व जिला अथॉरिटी को प्रधानमंत्री की बैठकों, रोड शो व रैली के लिए कार्यक्रम के स्थान पर सभी इंतजाम की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जिसमें वह सभी सुरक्षा एजेंसियों व तय राजनीतिक नेताओं से संपर्क कर सकते हैं। इस सब के बाद ही चुनाव आयोग ने इस संबंध में पंजाब सरकार को निर्देश जारी किए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2022 जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला भी सामने आया था। वह हुसैनीवाला में जनसभा को संबोधित करने आए थे तब कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनका रास्ता रोक लिया था। इस दौरान वह करीब 15-20 मिनट तक वहीं फंसे रहे थे और बाद उनका काफिला वापस लौट गया था।

आवैसी का हमला, मोदी, शाह और योगी सभी के 6-7 भाई बहन

हैदराबाद । ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के परिवार पर सवाल उठा दिया। पीएम मोदी के बयान को लेकर उन्होंने कहा, क्या हम (मुसलमान) घुसपैठिए और कई बच्चों वाले लोग हैं? क्या आप जानते हैं, कि अटल बिहारी वाजपेयी के कितने भाई-बहन थे। वाजपेयी को लेकर भाई-बहनों की संख्या 7 थी। क्या वह परिवार ज्यादा बच्चा पैदा करने वाला नहीं हुआ? क्या मुसलमान बहुत सारे बच्चे रखने वाले लोग हैं?

भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन कर सकता : जयराम रमेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन की सरकार ही कर सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप भी लगाया कि पिछले 10 वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बेच दिए गए। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट किया, पीएम मोदी आपको ये सब कभी नहीं बताएंगे कि 2012 से 2021 तक देश में बनी संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत आबादी के पास गया है।

उन्होंने दावा किया कि देश में कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का लगभग 64 प्रतिशत गरीबों, निम्न मध्य वर्ग और मध्य वर्ग से आता है। रमेश ने कहा, पिछले दस वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन

एक या दो कंपनियों के हाथों बिके हैं। अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार के कारण महंगाई बढ़ी है। उनके मुताबिक, आज 21 अरबपतियों के पास कुल मिलाकर 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति है। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, भारत को तेज आर्थिक विकास की जरूरत है। भारत को बहुत अधिक समावेशी आर्थिक विकास की आवश्यकता है। भारत को अधिक टिकाऊ पर्यावरणीय विकास की आवश्यकता है। केवल इंडिया गठबंधन ही यह तीनों कर सकता है और करेगा।

आप नेता का आरोप... पीएम मोदी 24 घंटे सीसीटीवी से केजरीवाल की निगरानी कर रहे

-जेल में रोज झाड़ू लगा रहे केजरीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने मोदी सरकार पर अटैक कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीसों घंटे सीसीटीवी से अरविंद केजरीवाल की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एलजी का ऑफिस भी इसी काम में लगा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री रोज तिहाड़ जेल में झाड़ू लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज मैं जो सच बताने जा रहा हूं, यह बात सुनकर सब हैरान हो जाएंगे...तिहाड़ जेल केजरीवाल के लिए यातना गृह बन गया है। आप को याद होगा कि हिटलर भी अपने विरोधियों के लिए यातना गृह बनाता था। आज वहीं हो रहा है।

आप नेता सिंह ने कहा, तिहाड़ में बंद केजरीवाल पर पीएमओ और एलजी ऑफिस 24 घंटे निगरानी रख रहा है। पीएम मोदी लिंक मंगा कर देखते हैं, कि

केजरीवाल क्या कर रहे हैं। आखिर इतनी निगरानी क्यों है? क्या देख रहे हैं, क्या देखना चाहते हैं? केजरीवाल को दवा मिली कि नहीं? खाना मिला कि नहीं? कितना पढ़ रहे हैं? कितना लिख रहे हैं? आप देखना क्या चाहते हैं? आप ये देखना चाहते हैं कि केजरीवाल कितना बीमार हुए, उनका स्वास्थ्य बिगड़ा की नहीं? यह देखना चाहते है कि वह कितना टूटे, कितना मनोबल टूटा। एलजी भी इसी काम में लगे हुए है।

आप के राज्यसभा सांसद ने कहा, केजरीवाल से प्रतियोगिता करना है, तब काम की राजनीति करिए। बनाइए स्कूल और अस्पताल। सड़कें बनाइए... महंगाई कम कीजिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करे। आप को किसानों, महिलाओं और युवाओं की चिंता करनी चाहिए। लेकिन आप केजरीवाल का मनोबल गिराने की चिंता कर रहे हैं। 24 घंटे उनकी निगरानी कर रहे हैं। आप के इस अत्याचार को पूरा देश देख रहा है। केजरीवाल जेल में रोज झाड़ू लगा रहे हैं। केजरीवाल जितना जेल में झाड़ू लगाएंगे, उतना भाजपा बाहर साफ होगी। पूरे देश से सफाया होगा।

संजय सिंह ने कहा, सारे नियम-कानून तोड़कर जेल में केजरीवाल के सीसीटीवी कैमरे का लिंक मंगाकर देख रहे हैं। इसलिए बार-बार दोहराना पड़ता है कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश चल रही है। उनके खिलाफ कोई भी अनहोनी हो सकती है।

कांग्रेस के लिए झटका.... एनडीए गठबंधन को मिला मेगास्टार चिरंजीवी का साथ

अमरावती (एजेंसी)। लोकप्रिय टॉलीवुड हीरो और पूर्व केंद्रीय मंत्री कोनिडेला चिरंजीवी द्वारा एक वीडियो बयान में आंध्र प्रदेश में आगामी चुनावों के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), जनसेना पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच गठबंधन का स्वागत किया, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल मच गई है। पेंडुरथी विधानसभा क्षेत्र से जनसेना पार्टी के प्रत्याशी पंचकरला रमेश बाबू और अनकापल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सीएम रमेश के साथ मेगास्टार के रूप में मशहूर चिरंजीवी ने लोगों से समग्र विकास के लिए सही और ईमानदार उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की।

अपने संदेश में चिरंजीवी ने कहा कि मुझे राजनीति के बारे में बात करते हुए कई साल हो गए हैं। इतने वर्षों के अंतराल के बाद अब राज्य की राजनीति पर बोलने का मुख्य कारण मेरे छोटे भाई और जनसेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं। चिरंजीवी ने कहा कि यह एक अच्छा विकास है कि पवन, टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और भाजपा नेतृत्व गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आए हैं। मेरे लिए अब आपके सामने आने का एक और कारण यह है कि मेरे करीबी दोस्त सीएम रमेश और मेरे करीबी एक अन्य नेता पंचकरला रमेश चुनाव लड़ रहे हैं। वे अच्छे और कुशल हैं और मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे अनाकापल्ली के विकास के लिए काम करना जारी रखने वाले है।

उन्होंने स्वीकार किया है कि आंध्र की राजनीति में हाथ आजमाने का उनका अनुभव सुखद नहीं रहा। उन्होंने 2009 के चुनावों में एनटी रामाराव जैसी तत्काल सफलता का स्वाद चखने की उम्मीद में, 2008 में बड़ी धूमधाम से प्रजा राज्यम की शुरुआत की। हालांकि, उनकी पार्टी को सिर्फ 18 सीटें ही मिलीं। मेगास्टार जैसे अहंकार बढ़ाने वाले ऊंचे नाम की सुंदरता के आदी चिरंजीवी के लिए, संयुक्त आंध्र प्रदेश में 294 विधायकों में से केवल एक होना एक बड़ी गिरावट थी।

बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया और बदले में उन्हें राज्यसभा सीट और केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय मिला। 2014 में कांग्रेस के सत्ता खोने के बाद, चिरंजीवी पूरे समय के लिए ग्रीसपेंट और स्टूडियो आर्क लाइट की परिचित दुनिया में लौट आए। चिरंजीवी के समर्थन ने आंध्र प्रदेश में कांग्रेस को भी आश्चर्यचकित कर दिया, जिसने पिछले दिन ही लोगों को याद दिलाया था कि अभिनेता अभी भी पार्टी के रिकॉर्ड के सदस्य हैं। वहीं इसके नेताओं ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तब वे कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार भी कर सकते हैं। इस बात पर ध्यान न दें कि अभिनेता को कई वर्षों से कभी भी किसी पार्टी मंच पर नहीं देखा गया था।

पिछले हफ्ते, चिरंजीवी ने पार्टी के चुनाव खर्च में मदद के लिए अपने छोटे भाई और जन सेना के प्रमुख पवन कल्याण को 5 करोड़ रुपये का चेक भी दिया था। पवन ने खुद आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि वह 2014 से ही चिरंजीवी के आशीर्वाद का इंतजार कर रहे थे जब उन्होंने जन सेना लांच की थी।

सूत्रों का कहना है कि चिरंजीवी को काफी समय से सूक्ष्म तरीके से लुभाया जा रहा है। पिछले साल ऑस्कर में फिल्म आरआरआर की सफलता के बाद चिरंजीवी और अभिनेता-बेटे राम चरण को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में सम्मानित किया था। सीएम रमेश का

दावा है कि उन्होंने उस बैठक में मदद की। रमेश का कहना है कि चिरंजीवी के प्रशंसक होने के अलावा, वह अभिनेता को उस दिन से व्यक्तिगत रूप से जानते हैं, जब उन्होंने 2012 में राज्यसभा के सदस्यों के रूप में एक साथ शपथ ली थी।

वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर जेपी पटेल के साथ मुन्ना सिंह ने किया माल्यार्पण, श्रद्धा सुमन किया अर्पित

हज़ारीबाग़ – सर्किट हाउस के समीप भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर सेनानी, बाबू कुंवर सिंह जी के जयंती के उपलक्ष्य पर समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा की स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जिन कुछ तिथियों का विशेष महत्व है , उसमें एक तिथि वीर कुंवर सिंह जी की जयन्ती का भी है। 1858 में इसी दिन बाबू कुंवर सिंह ने लीग्रैंड को पराजित कर जगदीशपुर को पुन स्वतंत्र किया था इसीलिए प्रति वर्ष इस तिथि को 'विजयोत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में भी इस महायोद्धा ने अग्रेजों से लड़ाई लड़ी ये सभी लोगों को युगों युगों तक प्रेरित करता रहेगा। श्री सिंह ने बताया कि वीर कुँवर सिंह शिवपुर घाट से गंगा पार कर रहे थे कि डगलस की सेना ने उन्हें घेर लिया, बीच गंगा में उनकी बाँह में गोली लगी थी। गोली का जहर पूरे शरीर में फैल सकता था।

बाबू वीर कुंवर सिंह जी के विजय उत्सव पर आशीर सिन्हा ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हज़ारीबाग़ – भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह जी के विजय उत्सव के पावन अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद जयंत सिन्हा के पुत्र आशीर सिन्हा ने हजारीबाग स्थित सर्किट हाउस चौक के पर स्थापित बाबू वीर कुंवर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर आशीर सिन्हा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी हम सब के प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की आजादी के नाम कुर्बान कर दिया था। बाबू वीर कुंवर सिंह जी ने आजादी के लिए अलख जगह थी,जिसकी आग पूरे भारत में विकराल रूप से फैला जिसके कारण आज हम सब को अंग्रेजो की गुलामी से आजाद मिली।

बहन की आज आने वाली बारात, उससे पहले दनुवा घाटी ने भाई की ले ली जान

चौपारण – प्रखण्ड के दनुआ घाटी में मौत का खेल जारी है। एनएचएआई के लापरवाही व सड़क की बदहाली के कारण आए दिन निर्दोष राहगीरों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। अबतक हज़ारों बेगुनाह लोगों की जान चली गई होगी। किसी के सर से पिता तो किसी के सर माता तो किसी के सर से पति तो किसी के सर से भाई का साया उठ गया। जिसका परवाह न तो एनएचएआई के अधिकारियों को है और न ही नेताओं को। शायद इन नेताओं व अधिकारियों को अपनों को खोने का दर्द का एहसास नहीं यदि अपनो को खोने का दर्द का एहसास होता तो शायद अब तक दुर्घटना के कारणों का पता लगाकर समाधान कर दिया होता।

मंगलवार को फिर से एक बड़ा हादसा हुआ जिसमें एक व्यक्ति का मौत घटना स्थल पर ही हो गया। वहीं एक ब्यक्ति घायल बताया जा रहा है। गौरतलब हो कि मृतक के बहन का आज ही बारात आने वाले थी और बारात आने के पहले ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात कलकत्ता के ओर से एक कंटेनर सुपारी लेकर कानपुर जा रहा था। इसी बीच चौपारण के दनुवा घाटी में सड़क की बदहाली के कारण कंटेनर ने अपना नियंत्रण खो दिया और जम्प करते हुए एनएचएआई के किनारे 30 फिट गहरी खाई में गिर गया। गहरी खाई में गिरने से कॉन्टेंर का कल पुरजे अलग थलग हो गया। और गाड़ी का चालक विवेक कुमार पिता मान सिंह ग्राम इकहारा, बरनाहल, मैनपुरी, उत्तरप्रदेश का घटना स्थल पर ही मौत हो गया। वहीं खलासी सचिन कुमार पिता अशोक कुमार गम्भीर रूप से घायल हो जो फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है। दोनों रिश्ते में चाचा भतीजा थे। दोनों कानपुर में माल खाली कर अपने बहन के शादी में शामिल होने वाले थे। पर खुदा को तो कुछ और ही मंजूर था।

बिना रुके थके आपदा मित्र एम्बुलेंस के चालक शक्ति का सेवा जारी - आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन

एंबुलेंस के द्वारा सेवा निरन्तर जारी है। एम्बुलेंस चालक शक्ति बिना रुके थके रात हो या दिन सेवा भाव के तहत कार्य कर रहे हैं। मंगलवार को भी जब हम सभी गहरी नींद में सो रहे थे तो चालक शक्ति अपने मानवता के धर्म को बिना डर भय के निभा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही दनुवा घाटी के हथिया बाबा के आगे से कंटेनर चालक के डेडबॉडी और घायल व्यक्ति को निशुल्क खर्च पर सीएससी अस्पताल चौपारण पहुंचाया।

अग्रवाल युवा मंच के द्वारा हनुमान जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

▶▶सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने हनुमान जी के अनेकों भजन प्रस्तुत किया

▶▶जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा मंदिर परिसर

हजारीबाग – मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी की समाप्ति के उपरांत हनुमान जन्म उत्सव की तैयारी में लग जाते इसी क्रम में मंगलवार को मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर प्रांगण में बड़ा ही धूमधाम के साथ हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया सर्वप्रथम सबसे पहले हनुमान जी की पूजा अर्चना मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा पूरी विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया यजमान स्वरूप शुभम रामरायका एवं उनकी धर्मपत्नी के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न किया गया। जिसके बाद सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ के साथ सभी श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन एक साथ किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने मनमोहक हनुमान भजनों से सभी भक्तों को जमकर झुमाया। कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर अंत तक उन्होंने कई भजन प्रस्तुत किया जिसमें अंजनी मां के होए लाल बधाई सारे भक्त ने, उठे तो बोले राम बैठे तो बोले राम एक के रोम रोम में राम राम कर राम का ध्यान जपे यह तो सुबह शाम ऐसा है। मेरा बजरंग बाला हो मेरा बाला सालासर वाला जैसे आने को भजनों पर उन्होंने भक्तों को जमकर झुमाया।

लोस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

अग्निविर खत्म कर कांग्रेस करेगी ग्रामीण युवाओं के साथ न्याय - जेपी भाई पटेल

हजारीबाग – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल चुनाव को लेकर जनसंपर्क में लगे हैं, साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने हजारीबाग सर्किट हाउस के सामने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जनसंपर्क अभियान के लिए विष्णुगढ़ प्रखण्ड पहुंच कई पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने जनसभाओं को संबोधित करते हुए देश के विभिन्न मुद्दों पर बात की। उन्होंने मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों

की हालत पर रौशनी डालते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर ग्रामीण युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है। कांग्रेस अग्निविर को खत्म कर युवाओं के साथ न्याय करने का काम करेगी। वे विष्णुगढ़ प्रखण्ड के गैडी पंचायत में आयोजित महायज्ञ में शामिल हुए जहां उन्होंने क्षेत्र की हरियाली और खुशहाली के लिए प्रार्थना किया। जनसंपर्क के दौरान सुखदेव प्रसाद यादव,बालेश्वर महतो, आरीफ अंसारी, जलेश्वर कुमार, भुनेश्वर कुमार, आलोक कुमार, अनिल पटेल, सैलेश कुमार, संतोष कुमार, सुरेश कुमार सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

तस्करों का लगातार पोल खोल रहे थाना प्रभारी दीपक सिंह, घर मे रखा गांजा बरामद

चौपारण – थाना के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह मादक पदार्थ के तस्करी में संलिप्त तस्करों का लगातार पोल खोल रहे हैं। अफीम तस्कर हो या फिर शराब, डोडा या फिर गांजा का तस्कर सभी पर नकेल कस रहे हैं। मंगलवार को भी इनके द्वारा बड़ी कारवाई की गई। इस सम्बंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि ग्राम अहरी निवासी लक्ष्मण सिंह पिता-महावीर सिंह के द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में गांजा तस्करी करने हेतु रखा है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत आदेशानुसार एक छापामारी दल कर गठन कर दिनांक-23.04.2024 को सुबह के समय लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह के घर में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह जंगल एवं अंधेरा का लाभ उठाकर अपने घर से भागने में सफल हो गया, तदोपरांत छापामारी दल के द्वारा लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह के घर का विधिवत् रूप से तलाशी लिया गया। तलाशी के कम में लक्ष्मण सिंह के घर का कमरा में लगा चौकी के नीचे छीपाकर रखा 03 प्लास्टिक का बोरा बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर 09 किलो 400 ग्राम उसमें गांजा भरा हुआ बरामद हुआ, जिसे विधिवत् रूप जप्त किया गया है। छापामारी के दरम्यान पता चला कि लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह आस-पास के क्षेत्रों से गांजा खरीदकर अपने घर में लाकर जमा करता है और बाद में उसे बाहर ले जाकर बिकी करता है। बरामदगी के संदर्भ में मामला दर्ज कर अनुसंधानभार पु0अ0नि0 विन्देश्वर महतो को सौंपा गया है। छापामारी दल में पुअनिदीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, चौपारण, पुअनि बिन्देश्वर महतो, चौपारण थाना,पुअनि दिव्य प्रकाश और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

नगर आयुक्त शैलेन्द्र कुमार लाल ने नगर निगम राजस्व शाखा के साथ किया बैठक

आगामी लोकसभा में लोगों को वोट डालने हेतु प्रेरित करने का तहसीलदार को दिया आदेश

हज़ारीबाग़ – नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र कुमार लाल ने नगर निगम राजस्व शाखा के साथ बैठक आहूत की। बैठक में उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार , नगर प्रबंधक फरहत अनिसी, राजीव रंजन, अर्पण इंदवार , मो महफूज आलम, प्रधान सहायक निरंजन सिंह , सहायक धर्मेन्द्र राय , रितिका के सुजीत मिश्रा, शेखर , सभी तहसीलदार उपस्थित थे। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए नगर आयुक्त ने तहसीलदार को घर - घर एवं निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित विभिन्न अपार्टमेंट जाकर लोगो को वोट डालने हेतु प्रेरित करने का आदेश दिया। वोटर हेल्पलाइन ऐप्प एवं नो योर कैंडिडेट ऐप्प की जानकारी भी लोगो को देने को आदेश दिया।नगर आयुक्त ने उपस्थित सभी को मतदान से संबंधित शपथ दिलाई, तहसीलदार को स्वीप से संबंधित टी शर्ट वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त सभी आर डब्लू ए से स्वघोषणा लेने को कहा गया है कि वहाँ सभी 20 मई को वोट डालेंगे, सभी का नाम मतदाता सूची में है एवं वहां एक नोडल नियुक्त कर दिया गया है ,जो वहां लोगो को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे है। नगर आयुक्त ने बताया कि वितीय वर्ष 2024-25 को होल्डिंग टैक्स 30 जून 2024 के पहले जमा करने पर हजारीबाग नगर निगम के करदाताओं को कर में 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। सभी सामान्य करदाताओं को 5 , महिलाओं को 5, वरिष्ठ नागरिकों को 5, स्वयं कार्यालय आकर 2.5, आर्मी में या ट्रांसजेंडर होने पर 5, विकलांग होने पर 5, ऑनलाइन जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।30 जून के उपरांत बकाये टैक्स पर 1 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा।

हजारीबाग भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में कटकमदाग प्रखंड में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हजारीबाग लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनता से मांगा वोट

हजारीबाग – सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर राष्ट्रहित में इस बार फिर से कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को विजय बनाने का आग्रह किया है। कटकमदाग प्रखंड के ढेंगुरा, परहैड़िया, सिरसी, शहीद दर्जनों गांव में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा आयोजित चौपाल में उपस्थित होकर लोगों का हाल जाना। चौपाल में उपस्थित मतदाताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने लोगों के बातों को ध्यान से सुना और भरोसा दिलाया कहा कि इस बार फिर से विकास पुरुष मोदी जी को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर उनके हाथों को मजबूत कीजिए, ताकि देश उन्नति और विकास का आयाम गढ़ेगा । मौके पर ढेंगुरा पंचायत के पूर्व मुखिया कामेश्वर दास, राजकुमार दास, वार्ड सदस्य बिरजू कुमार ,पूर्व पंचायत समिति राजू रविदास ,छोटन रविदास, कोलेश्वर रविदास, राजकुमार रविदास, लखपति राम, रुपेश राम, बिंदु राम, पियूष राणा, दीपक राणा, संजय शर्मा, भोला राम, नकुल राणा, छोटू कु दास, सेरु, राहुल कुमार, विजय रविदास, संजय कु दास, गुलाब दास, छोटेलाल दास, ललन कुमार, मुकेश गिरी, राजेश ठाकुर, चिंटू सिंह, तथा सैकड़ो लोग मौजूद थे।

बाबू कुंवर सिंह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे - शैलेंद्र कुमार सिंह

हज़ारीबाग़ – सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,मालवीय मार्ग, हजारीबाग में बाबू कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन एवं बाबू कुंवर सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह एक महान देशभक्त, वीर एवम महान स्वतंत्रता नायक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध लड़ते हुए देश को स्वतंत्र कराने में अर्पित कर दिया। उन्होंने उपस्थित भैया /बहनों को बाबू कुंवर सिंह की जीवनी से सीख लेते हुए उनके बताएं आदर्श पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह ने बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि बाबू कुंवर सिंह भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक, अदम्य साहस एवं शौर्य के प्रतीक थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम लड़ाई में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अंग्रेजों से लड़ते हुए उनके छक्के छुड़ा दिए। यह दिन को दिन हमलोग विजयोत्सव के रूप में मनाते हैं

यज्ञ अनुष्ठान से क्षेत्र मे फैली रहती हैं शांति - किशोरी राणा

हज़ारीबाग़ – पतरातू प्रखंड के छापर ग्राम पंचायत में यज्ञ मंडप का उदघाटन मुख्य अतिथि नव झारखंड फाउंडेशन केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने किया। श्री राणा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की यज्ञ अनुष्ठान से गाँव मे शांति फैली रहती हैं, गाँव से दुष्प्रभाव दूर रहती हैं। सर्वप्रथ मन्त्रों उच्चारण के साथ यज्ञ स्थापना की पूजा की गई। मौके पर स्थापना से जुड़े मुखिया जमरू लोहरा, महावीर लोहरा, सुरेंद्र प्रजापति, प्रदीप मुंडा, अजय लोहरा, विजय लोहरा मकुण्द लोहरा, बबलू राणा, संतोष लोहरा, चमन श्रीवावास्तव, बाबा दीनदयाल महाराज जी, सी.ओ. रामेश्वर मुंडा, दशरथ पंडित, रामचंद्र प्रजापति, तिलेश्वर यादव, अशरफ खान, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

सीडीएस मे 89 वा रैंक हासिल कर शिवम कुमार ने जिले और अपने परिवार का नाम किया रौशन

हज़ारीबाग़ – सीडीएस मे 89 वा रैंक हासिल कर जिले के शिवम कुमार ने और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन झारखंड के हजारीबाग जिला सचिव सूबेदार अजीत सिंह (सेवानिवृत्त) के पुत्र ने सी.डी.एस में 89 वा रैंक लाकर सेना में स्थाई कमीशन लिया। इससे पूर्व लगभग चार महीना पहले शिवम कुमार ने एसएससी मे सिलेक्शन हो होकर अभी फिलहाल ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनको एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री जी ने भी सम्मानित किया था। उनके परिवार वालो को बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन झारखंड के सदस्यों ने शिवम कुमार के पिता अजीत सिंह के आवास दिपुगढ़ा गए। बताते चले शिवम मैट्रिक एंजेल्स हाई स्कूल, 10+2 जेवियर हजारीबाग एवं दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किए हैं। बधाई देने वालों में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव मिथिलेश पांडे, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार , उपकोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, वरिष्ठ सलाहकार अखौरी गोविंद सहाय सेवानिवृत्त हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, उपाध्यक्ष रितेश कुमार ,उप सचिव सुरेश दांगी, बरही प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, रमन साहू, हरेंद्र कुमार, मोहन, मल्लेश्वर पांडे, शिवनंदन साव, देवेंद्र यादव, पवन कुमार, प्रभात कुमार, रूपेश गोस्वामी, अनंत अग्रवाल, विजय कुमार, कमल कुमार, एच के राणा तथा दर्जनों की संख्या में पूर्व सैनिकों ने सूबेदार अजीत सिंह (सेवानिवृत्त) को बधाई और शुभकामनाएं दिया साथ ही शिवम कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महावविद्यालय में छः दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन

सैद्धांतिक से ज्यादा व्यवहारिक शिक्षा आवश्यक - डॉ0 नाईक

हज़ारीबाग़ – श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महावविद्यालय में छः दिवसीय व्याख्यान मेला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ0 प्रमोद कुमार नाईक, प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ0 परीक्षित लायक, डॉ0 अपोलिना बाखला एव अन्य सहायक प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया । इसके बाद एसके दुबे एवं विवेक कुमार रवि के आगुवाई में प्रशिक्षुओं द्वारा एक सुमधुर स्वागत गीत पेश किया गया । प्राचार्य डॉ0 पॉल के द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ प्रदान करने एवं स्वागत भाषण के बाद मुख्य अतिथि सह वक्ता डॉ0 नाईक ने

आज के विषय नवाचार और अनुकूलन में भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर अपना विचार देते हुए हुए कहा ङ्क वर्तमान शिक्षा प्रणाली हमारी परंपरा पर आघात है, आधुनिक शिक्षा व्यवसायिकता को बढ़ावा दे रही है। फलस्वरूप मौलिकता, समाजिकता, जवाबदेही समाप्त होती जा रही है। नई शिक्षा व्यवस्था का ही परिणाम वृद्धाश्रम है। आधुनिक युग में शिक्षा नहीं उपाधि दी जा रही है। सैद्धांतिक से ज्यादा व्यवहारिक शिक्षा आवश्यक है। हमें पाठ्यक्रम प्रारूप को बदलने की जरूरत है। भारतीय होने के नाते पुरानी शिक्षा व्यवस्था को जीवित करना होगा, अन्यथा लोगों का जीना जटिल हो जाएगा । कार्यक्रम में डॉ0 बीएस निरंजन, डॉ0 कुलदीप सिंह, तनिमा प्रिया, वीएन पाण्डेय, डॉ0 सोमा सरकार, दयानन्द कुमार यादव, एसके सोनी, श्यामली सलकर, डॉ0 सत्या सिंह, गोपाल राम, सिन्टु कु0 वर्मा, प्रितेश श्रीवास्तव, सत्यजीत बेरा एवं सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

सरस्वती विद्या मंदिर भूली में मनाई गई हनुमान जयंती व वीर कुंवर सिंह जयंती

धनबाद /हनुमान जयंती के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर भूली के छात्रों एवम शिक्षकों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर विद्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवम पुष्पार्चन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, अचार्य रामानुज चौधरी व विद्युत कुमार दत्त ने छात्रों को हनुमान जी की महिमा एवम पराक्रम तथा वीर कुंवर सिंह के भारत की स्वतंत्रता में योगदान को बताया। विद्यालय में आयोजित भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विद्यालय के वरिष्ठ माध्यमिक खंड के छात्र, प्राचार्य एवम अचार्य गण ने पदयात्रा कर भूली के सी ब्लॉक एवम ए ब्लॉक स्थित वीर कुंवर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ए ब्लॉक स्थित प्रतिमा के समक्ष राजपूत विचार मंच के द्वारा प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। छात्रों को भी मिष्ठान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में अजय मंडल, मीनाक्षी कुमारी, अनुराधा कुमारी, रवि सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार।

चास –बोकारो के चीरा चास थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मकान में छापेमारी कर पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस तकनीकी शाखा बोकारो को कुछ साइबर क्राईम से संबंधित संदिग्ध मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसको लेकर एसपी के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर चीरा चास थाना अंतर्गत सोलगिडीह स्थित एक मकान में छापेमारी कर 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अपराधियों में मो. राजा अंसारी(33), रहमान अंसारी(25), मो. जियाउल अंसारी(21), सबीर अंसारी(34), इसराईल अंसारी(30) एवं समशाद अंसारी(27) शामिल है। सभी अपराधी देवघर जिले के रहने वाले है। मौके पर चास थाना प्रभारी खुर्शीद आलम सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे। छापेमारी दल में चीरा चास थाना प्रभारी चंदन कुमार दुबे, तकनीकी शाखा पंकज कुमार जायसवाल, मनोज कुमार, कामेश्वर महतो, नागेन हांसदा, इरसाद अंसारी, वीर बहादुर सिंह, पिंटू कुमार शाही, जाकिर हुसैन शामिल थे।

एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

चास– चास थाना क्षेत्र में 26 मार्च को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की कुछ अपराधी अपराध की योजना बनाने के उद्देश से जुटे हुए है ऐसे में पुलिस ने छापेमारी कर श्याम सिंह नामक अपराधी को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था ,उस समय प्रिंस गुप्ता नामक अपराधी अन्य साथियों के साथ भागने में सफल रहा था। जिसको लेकर चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था , जहा फिर एक बार सूचना मिली की प्रिंस गुप्ता कुछ अपराधियों के साथ चास थाना क्षेत्र के चंद्रा सिनेमा हॉल के पीछे जुटे हुए है। पुलिस ने छापेमारी कर प्रिंस नामक अपराधी को एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बंगारो में आयोजित श्री श्री 108 श्री मारुति नंदन महायज्ञ सह वार्षिक उत्सव पूर्णाहुति के साथ संपन्न

धनबाद / टुंडी प्रखंड अंतर्गत बंगारो में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 108 श्री मारुति नंदन महायज्ञ सह वार्षिक उत्सव का पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। पूर्णाहुति में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए। बताते चलें कि दिनांक -19 अप्रैल को जलयात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ था जो मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु पूर्णाहुति में शामिल हुए। पूर्णाहुति के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने यज्ञ समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि गांव में यज्ञ का आयोजन से लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यज्ञ का आचार्य पुरुषोत्तम शास्त्री, अभिमन्यु पांडेय और गोतम शास्त्री के नेतृत्व में यज्ञ संपन्न हुआ। इस अवसर पर काली महतो, जदयू नेता हीरालाल तुरी, तारकेश्वर महतो, प्रेम चन्द्र महतो, ठाकुर महतो, सुधीर तुरी, पंकज सिंह,सुभाष सिंह, आदि सैकड़ों लोगों उपस्थित हुए।

दुलू महतो ने कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथों में 370 वोट सुनिश्चित करने का आग्रह किया

बोकारो। कलयुग के सबसे प्रभावशाली देवताओं में से एक हनुमान जी जिनके जयंती के अवसर पर बोकारो विधानसभा अंतर्गत गुमला कॉलोनी में बोकारो विधायक के नेतृत्व में आयोजित कलश यात्रा में धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढूलु महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी शामिल हुए जहाँ भक्तजनो ने स्वागत किया । इस दौरान ढुल्लू महतो ने कहा कि भगवान हनुमान जी मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम के प्रति उनकी अटूट भक्ति के लिए पूजनीय है। अपनी अद्वितीय शक्ति ,निष्ठा और बुद्धि के लिए जाने जाने वाले हनुमान जी को साहस और निस्वार्थता के प्रतीक के रूप मे जाना जाता है । उनके कारनामे विशेष रूप से माता सीता की खोज में और रावण के खिलाफ युद्ध में भगवान श्रीराम की सहायता करना , समर्पण ओर धार्मिकता के आदर्शों का प्रतीक है।वहीँ दूसरे तरफ ढुलू महतो ने धनबाद विधानसभा अंतर्गत मनईटांड में भारतीय जनता पार्टी मनईटांड मंडल बूथ स्तरीय कार्यकर्तृता सम्मेलन में शामिल होकर कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया और सभी कार्यकर्तृताओ से कहा कि अपने अपने बूथों में 370 वोट सुनिश्चित करने एवं पिछले चुनाव के अपेक्षा 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का आग्रह किया और कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के दम पर आज केन्द्रीय नेतृत्व ने 400 पार का लक्ष्य रखा जिसे हमसब को मिलकर पूरा करना है। ऐतिहासिक विजय बनाने का संकल्प लिया द्य वहीँ जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले ढुलू महतो का धनबाद विधानसभा अंतर्गत तेतुलतल्ला युवा मंच की ओर से अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ढुलू महतो को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया और अपना जन समर्थन देते हुए भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया।वहीँ ढुल्लू महतो ने उपस्थित लोगों से कहा कि आपलोग अपना आशीर्वाद अपना भाई अपना बेटा ढुल्लू महतो को दे आपके हर सुख दुःख में खड़ा रहने का काम करेंगे और यहाँ के एक एक जनसमस्या का समाधान करेंगे

कसमार में ज़िला भू-अर्जन कार्यालय ने लगाया कैंप कोर्ट

वाराणसी से कोलकाता सिक्सलेन एक्सप्रेसवे एवं बरलंगा से कसमार पथ निर्माण के रैयत पंहुचे

कसमार (बोकारो) वाराणसी से कोलकाता सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण एवं बरलंगा से कसमार राजमार्ग निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों के भूमि संबंधी विवादों को निपटारा हेतु सोमवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ज़िला भू अर्जन के कुमार सी कसमार अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा मौजूद थे। कैंप कोर्ट में रांगामाटी, कुरको, बगदा, बगियारी, जामकुदर आदि गांवों के रैयत शामिल हुए। जिसमें संबंधित भूमि के दस्तावेजों का जांच किया गया और कई मामलों निपटारा भी किया गया। बोकारो जिला से वरीय पदाधिकारी ने बताया कि जो भी विवादित भूमि है उसका खतियान, रजिस्ट्री डीड, पर्चा के साथ अद्यतन आनलाईन रसीद जमा करें। और जमीन का मुआवजा भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण में प्रगति लाने का निर्देश आया है। उन्होंने बताया कि बेवजह विवाद करने वाले रैयतों का मुआवजा राशि संबंधित कोषागार में जमा करा दिया जायेगा। इसलिए अपने कागजातों को समय पर जमा कर भुगतान लेने का काम करेंगे सी ओ कसमार सुरेश कुमार सिन्हा ने कहा कि अंचल द्वारा रे य तो का जमीन कि जो मामला आएगा उसका समाधान तुरंत करा दिया जायगा मौके भू-अर्जन के प्रधान सहायक रूपेश कुमार, अमीन, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे

राजकमल में मनाया गया वीर कुँवर सिंह का विजयोत्सव

धनबाद /राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में अमर स्वतंत्रता सेनानी वीर कुँवर सिंह का विजयोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि वीर कुँवर सिंह एक बड़े स्वतंत्रता सेनानी थे, अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ उन्होंने बिहार को एकजुट किया एवं अंग्रेजों को मुँहतोड़ जवाब दिया ।भले ही उनके हाथ में अंग्रेजों ने गोली मार दी, बावजूद इसके वे थमे नहीं उन्होंने अपने हाथ काट कर गंगा को समर्पित कर डाला। अंग्रेज उन्हें अपना सबसे बड़ा शत्रु मानते थे।

प्राचार्य श्री मिश्रा ने बच्चों को बताया कि अपने लिए तो हर कोई जीते है लेकिन देश की खातिर जीने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है। हमें देश से प्रेम करना चाहिए और देश के लिए जीना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि हमें ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान कर उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। विजयोत्सव में शिक्षक बिभास कुमार, शिक्षिका सीमा सिंह, रेनू सिंहा एवं प्रभारी कमल नयन ने भी बच्चों को संबोधित किया। बच्चों में पुष्पहास मिश्रा, सत्यम कुमार, आरव कुमार, सौरव ,आयुषी सिंह, छवि अग्रवाल ,अंकिता तिवारी, राधिका, जाह्नवी मिश्रा, खुशी कुमारी, अपूर्वा, सन्निधि, रिया, सृष्टि, तसमीन निदा ने भी अपने भाव प्रकट किए । बताते चलें की विजयोत्सव का यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर के चार विशाल सभागारों में आयोजित हुए । मंच संचालन हिंदी के वरिष्ठ शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा, शिक्षिका मधु सिंहा , पूजा कुमारी ने किया । इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय के संरक्षक शंकर दयालबुधिया ,अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया ,सचिव संजीव अग्रवाल सहसचिव दीपक रूईया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार एवं प्रभारियों व शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया ।

सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विजयोत्सव के रूप में बाबू कुंवर सिंह की जयंती का आयोजन

धनबाद / सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विजयोत्सव के रूप में 1857 की क्रांति के महानायक बाबू कुंवर सिंह की जयंती का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर विद्यालय के आचार्य राजीव कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह एवं प्रियंका बागची ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने उद्बोधन में आचार्य राजीव कुमार सिंह ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने 80 वर्षों की अवस्था होते हुए भी अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे अन्याय का विरोध किया और क्रांति का बिगुल फूंक दिया। 23 अप्रैल को उन्होंने अंग्रेजों की विशाल सेना से लोहा लिया और विजय पर विजय प्राप्त करते हुए संपूर्ण भारतवर्ष में अंग्रेजों के विरुद्ध माहौल तैयार कर दिया। उन्होंने कहा कि बाबू कुंवर सिंह का नाम भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

अपने उद्बोधन में विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या श्रीमती प्रियंका बागची ने बाबू कुंवर सिंह को स्वतंत्रता संग्राम का महान सेनानायक बताते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि यदि व्यक्ति के मन में राष्ट्र के प्रति सच्ची श्रद्धा और भक्ति हो तो उम्र कोई मायने नहीं रखता, बाबू कुंवर सिंह ने यह साबित कर दिया। विभिन्न कक्षाओं के भैया - बहन,बहन तृप्ति कुमारी, साक्षी लाला, भैया प्रतीक रंजन, आकांक्षा कुमारी, भैया मोहम्मद सैफुल ने भी बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें प्रथम स्वाधीनता संग्राम का महानायक बताया। इस उपलक्ष में भैया-बहनों से बाबू कुंवर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर? प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और उसमें सर्वाधिक उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया।

विद्यार्थी खुद को पढ़ाई के प्रति गंभीर बनाएं : प्राचार्य

बोकारो, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो में कक्षा 11वीं के नए सत्र की शुरूआत के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कक्षा 11वीं के नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं, अभिभावकों सहित विभिन्न संकाय के शिक्षकगण उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं डीएवी गान से हुआ । स्वागत गान झूमा चक्रवर्ती व अखिलेश कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति विशेष रुप से क्लास रूम स्टडी के प्रति खुद को गंभीर बनाना होगा । शिक्षा का मतलब सिर्फ पढ़ाई करना ही जरूरी नहीं है बल्कि हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना है । इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए सत्र 2024-25 के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अभिभावक को विशेष जानकारी प्रदान कराना, नए छात्र-छात्राओं को नए परिवेश से परिचित कराना है। मंच संचालन नेहा तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षिका जाहन्वी बनर्जी ने किया । इस अवसर पर विज्ञान संकाय से वरीय शिक्षक नागेन्द्र प्रसाद, गौतम नाग, विशाल मोदी, जाहन्वी बनर्जी, ज्योति बाला, सुनीता कुमारी, अमित आनन्द व वाणिज्य संकाय से वरीय शिक्षक भोंलाचल स्वाइन, बी के झा व कला संकाय स्वरुप कुमार नाथ, राजेश कुमार मनोज मिश्रा, अखिलेश कुमार, अखिलेश मिश्रा, प्रशांत कुमार, कुमार समरेश तथा तकनिकी विशेषज्ञ श्यामभूषण श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

हनुमंत तथा वीर कुंवर सिंह जयंती मनाई गई

सिन्दरी / सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हनुमंत जयंती तथा वीर कुंवर सिंह जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि कांति सिंह (अध्यक्ष वीर कुंवर सिंह समिति सिंदरी) सुनील कुमार पाठक (प्राचार्य)डॉ भास्कर झा (वरिष्ठ आचार्य) उपस्थित थे। हनुमंत जयंती पर भैया बहनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। वही स्थानीय वीर कुंवर सिंह चौक सिंदरी में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर भैया बहनों ने माल्यार्पण तथा नमन कर वीर कुंवर सिंह को याद किया । कांति सिंह ने वीर कुंवर सिंह के संघर्षपूर्ण जीवन वृत्त को रखा । सुनील कुमार पाठक ने कहा हमें वीर कुंवर सिंह से देशभक्ति , देश के लिए सर्वस्व समर्पित करने की भावना सीखना चाहिए। यदि मनुष्य के मन में किसी कार्य को करने की दृढ़ इच्छा हो, तो उसके मार्ग में आने वाली कोई बाधा उसे विचलित नहीं कर सकती।वे हमारे प्रेरणा के स्रोत हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संध्या कुमारी, सरोज तिवारी, सत्येंद्र तिवारी ,सतीश चन्द्रा, विनय कुमार सिंह, संतोष पाठक, सौरभ कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सरदाहा में डॉ. सी.सी. महतो डिग्री कॉलेज का हुआ भूमि पूजन

चास– एच.आर. मेमोरियल एजुकेशनल एंड वेलफेर ट्रस्ट बोकारो के तत्वाधान में रविवार को डॉ. सी.सी. महतो डिग्री कॉलेज, नगेन मोड़, ग्राम सरदाहा में भुमि पूजन किया गया। उम्मीद की जा रही है कि 2025 से यहां पठन पाठन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।इसकी मान्यता संबंधी प्रक्रिया बहुत जल्द प्रारम्भ की जाएगी।

इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा की कमजोर स्थिति को देखते हुए ट्रस्ट द्वारा 2019 से ही इस संस्थान का नींव रखने का प्रयास जारी था। इस संस्थान को स्थापित करने का सपना स्वर्गीय डॉ चंडी चरण महतो (तत्कालीन अध्यक्ष व पूर्व प्राचार्य, चास कॉलेज चास) का था। उनके सपने को साकार करने की दिशा में 2014 में स्थापित उनके ट्रस्ट द्वारा इस नए डिग्री कॉलेज का भुमि पुजन कार्य विधि विधान से कराया गया।

इसके लिए 2022 में 5 एकड़ भूमि की खरीद कर ली गयी थी। इस अवसर पर सचिव कुंदन किशोर ने बताया की इस क्षेत्र में उच्च शिक्षण संस्थान का अभाव में मध्य वर्गीय परिवार के बच्चे स्नातक स्तर की शिक्षा से वंचित रह जाते है। इस संस्थान की स्थापना हो जाने पर यहां के गरीब, मजदुर, किसान के बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना जीवन स्तर सुधार सकेंगे। कॉलेज के प्रेसीडेंट अलका कुमारी महतो ने कहा की एचआर मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से संचालित इस डिग्री कॉलेज में सभी सुविधा उपलब्ध होगी। इस कॉलेज के भविष्य की तकाज़े को देखते हुए अन्य तकनीकी शिक्षा पर भी विचार किया जा रहा है। मौके पर कोषाध्यक्ष स्नेहलता महतो सहित ट्रस्ट के सभी सदस्य और समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शौर्य दिवस के रूप में मनाई जयंती

चतरा, कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय के सायल बगीचा परिसर में मंगलवार को बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोउत्सव को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। जिसका नेतृत्व क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह कर रहे थे। इस मौके पर अखिल भारतीय प्रदेश संरक्षक सरयू राय, गढ़वा के पूर्व मंत्री सह संरक्षक गिरिनाथ सिंह लोहरदगा निवासी सह एमएलसी प्रवीण सिंह, करणी सेना प्रदेश संरक्षक अरुण सिंह, भीम सिंह, भोजपुरी कीर्तन मंडली के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, सेवानिवृत शिक्षक सरजू प्रसाद सिंह सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई इसके पश्चात अतिथियों को माला पहनकर पगड़ी देकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश संरक्षक सरजू राय ने कहा कि अमर बदलनी स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर भारत के प्रथम विद्रोह सन 1857 के महानायक थे। जिन्होंने अपने प्राण तक निछावर कर दिया और अंग्रेजों के सामने घुटना नहीं टेका। आज की युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। वहीं गिरीनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ियों के बच्चों को वीर कुंवर जैसा राष्ट्रभक्ति बनाने की आवश्यकता है। क्षत्रिय समाज संगठित और सशक्त हो इसकी भी परिकल्पना की जाए। वहीं एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि अपनी उम्र 80 वर्ष के पड़ाव पर जगदीशपुर के जमींदार बाबू छोटे भाई अमर सिंह के साथ 12 जून 1857 को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिल्कुल फूंका था। अंग्रेज अधिकारी रीसेंट एयर और विलियम टेलर को विद्रोह दबाने की जिम्मेदारी मिली लेकिन वह अंत तक छापामार युद्ध को लड़ते रहे उन्होंने कहा कि सिंह देश की आन बान शान है। वही करणी सेवा के प्रदेश संरक्षक अरुण सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह महान स्वतंत्रता सेनानी और अमर योद्धा थे अंग्रेज उनसे खौफ खाते थे उन्हें षड्यंत्र के तहत अंग्रेजों ने पड़कर फांसी दे दी। इस घटना के बाद रूपम कुंवर सती हो गई। लेकिन उनकी विचारधारा आज भी जीवंत है। वहीं प्रतापपुर गेरुआ के संतोष सिंह ने कहा कि आज बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे ही भावना और शक्ति के साथ काम करने की आवश्यकता है। इस तरह संबोधन करने वालों में सरयू प्रसाद सिंह हरिश्चंद्र सिंह भीम सिंह पारसनाथ सिंह कौशलेंद्र सिंह दिनेश्वर सिंह आदि का नाम शामिल है। कार्यक्रम में हंटरगंज से जितेंद्र सिंह बिट्टू कुमार के अलावे राज सिंह चौहान जयप्रकाश सिंह सत्येंद्र सिंह कामाख्या सिंह विजय सिंह प्रमोद कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

कुसमाटांड़ में दो गुटों में मारपीट में दो युवक घायल

बलियापुर - कुसमाटांड़ के ताड़गाछ मोड़ स्थित एक दुकान में तेल का खाली टीना खरीदने गया कुसमाटांड़ के 42 वर्षीय उमेश कुमार रवानी एवं दुकानदार के बीच विवाद के दौरान मारपीट हो जाने से उमेश कुमार रवानी घायल हो गया। उनके आंख एवं चेहरे पर चोटे बताई जाती है। उसे इलाज के लिए बलियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने शहीद निर्मल महतो मेमोरियल हॉस्पिटल धनबाद भेज दिया। घायल उमेश रवानी का आरोप है कि तेल का खाली टीना खरीदने के लिए पंकज अग्रवाल की दुकान पहुंचा था? खरीदारी के दौरान दुकानदार से उनकी बहस हो गई आरोप लगाया है कि इस दौरान दुकानदार श्री अग्रवाल एवं उनके छोटे भाई ने मिलकर उसे लोहे की डब्बू (चाटू) से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। दूसरी ओर दुकानदार पंकज अग्रवाल का कहना है कि उमेश रवानी नशे की हालत में उनकी दुकान पहुंचा था। दुकानदार श्री अग्रवाल का आरोप है इस दौरान उन्होंने दुकान से तेल का खाली टीना लेकर भाग रहा था। जिससे विवाद हो गया। मारपीट में दुकानदार श्री अग्रवाल भी जख्मी बताया जाता है। दोनों पक्षों की ओर से बलियापुर थाना प्रभारी को मामले की शिकायत किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

देशी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

किस्को/लोहरदगा-जिले के किस्को थाना पुलिस ने सोमवार की रात्रि में छापेमारी दल गठन कर एक देशी कट्टा बरामद करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। किस्को थाना प्रभारी हर्षवर्द्धन सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीस बिन जमां के दिशा निर्देश पर छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के हुटाप गांव से एक युवक के पास से अवैध देशी कट्टा बरामद किया। साथ ही युवक को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिसकी पहचान हुटाप गांव निवासी 30 वर्षीय अर्जुन यादव उर्फ कुनु पिता सुगम्बर के रूप में हुई है। युवक एक वर्ष पूर्व पाखर के एक युवक की हत्या के मामले में छः माह पहले ही जेल से बाहर आया था। मिली जानकारी के अनुसार किस्को थाना प्रभारी हर्षवर्द्धन सिंह को एक युवक अपने पास देशी कट्टा लेकर घूमनी की सूचना मिली थी। जिसके बाद गठित टीम हुटाप पहुंचने पर युवक पुलिस देखर भगाने लगा।इधर छापामारी दल में अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी के अलावे एसआई महेंद्र यादव, एसआई प्रकाश कुमार, देंवेंद्र हांसदा, हवलदार नागेंद्र दीक्षित, आरक्षी डोना सिरका, विकास कुमार सिंह, शिवनाथ, गृहरक्षक चालक जफीर अंसारी के सहयोग से कट्टा के साथ पकड़ा गया। और किस्को थाना लगाया गया। जिसके बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में किस्को थाना कांड संख्या 11/2024 धारा -25(1-क्ष)/26 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

ईद मिलन समारोह में शामिल हुए सुखदेव भगत, दी ईद की शुभकामनाएं

कुडू - लोहरदगा - पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष कुडू निवासी ज़फर खान के आवास में सोमवार की शाम ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा के पूर्व विधायक और लोकसभा के कॉंग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत उनकी पत्नी नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत सहित प्रखण्ड के विभिन्न गांव के भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत का उपस्थित लोगों द्वारा स्वागत किया गया। सुखदेव भगत ने देश-प्रदेश में अमन और शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र सहित प्रदेश की जनता को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उपस्थित लोगों से अल्पसंख्यकों के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और मौजूदा राजनीतिक विषय पर चर्चा की। मौके पर उप प्रमुख एनुल अंसारी, शमीम खान, समसूल अंसारी, सदरुल अंसारी, यूनुस अंसारी, साहिल अहमद, आरिफ खान, गुड्डू खान, सबरेज़ आलम, फहद खान, हलीम अंसारी, कमरुल इस्लाम, हाशिम अंसारी, आज़ाद खान, डॉ खुर्शीद, आरजू खान, हिफजूल अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

हाशिम शाहदत का सालाना उर्स आज चादर पोशी के लिए अकीदतमंदों की लगी हुजूम

मेदिनीनगर मेदिनीनगर शाहपुर स्थित हाशिम शाह दाता का सालाना उर्स आज से शुरू हो गया है मजार कमिटी के सदर जनाब इफ़्तेखार अंसारी की सदारत मे आज अहले सुबह गुसुलखानी चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी गयी कमिटी के सरपरस्त भाइ रुस्तम अल्तमश ने बताया की हाशिम शाह के दरबार मे कोई भी सवाली खाली नही जाता बाबा सबकी मुरादें पुरी करते है यहाँ सभी जाती और धर्म के लोग अकीदत के साथ आते हैं यहां दो दिनों का उर्स लगता है जिसमें जिले के इलावा अन्य जिलों और राज्यों के भी लोग इस उर्स मे आते है जिसमें दो दिनों तक कव्वाली का आयोजन किया जाता है इसबार कर्नाटक के मशहूर कव्वाल आसिफ मुराद रजा और मुंबई के जानेमाने कव्वाल सलीम रजा तशरीफ ला रहे हैं

डीजे गाड़ी पलटने से चार गंभीर रूप से घायल एक रिम्स रेफर

बालूमाथ । बालूमाथ शेरेगड़ा मुख्य पथ पर मंगलवार की सुबह एक डीजे(साउंड) गाड़ी पलटने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गणेश कुमार गंझु 18 वर्ष पिता कुलदीप गंझु,दीपक उरांव 13 वर्ष पिता सुले उरांव,अरविंद उरांव 14 वर्ष पिता स्व.जानकी उराँव,सुनील कुमार 18 वर्ष पिता सहदेव गंझू सभी ग्राम कुटकी पिपरवार निवासी उक्त सभी लोग झाबर ग्राम में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे । सभी लोग डीजे गाड़ी के ऊपर में बैठे हुए थे ।जहां तस्तबार ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर डीजे गाड़ी पलट गया । जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।वहीं गंभीर रूप से घायल अरविंद कुमार को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

पुलिस ने शहरी क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

हरिहरगंज पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने सोमवार को शहरी क्षेत्र के वैद्य विगहा में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वैद्य विगहा में एक अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं 4 ड्राम में रखे करीब दो क्विंटल जावा महुआ तथा 20 लीटर निर्मित देसी शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। हालांकि शराब व्यवसायिक पुलिस को देख भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण करनेवाले फरार धंधेबाजों को पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है। छापेमारी अभियान मे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के अलावे एसआई विगेश कुमार राय, नंदलाल साहनी, डीके गोप एएसआई संजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

कुडू में जंगली हाथी ने एक को कुचला, दर्दनाक मौत

गांव में पहुंचे हाथियों के झुंड को भगाने के दौरान उग्र हुए हाथी

कुडू - लोहरदगा - कुडू में जंगली हाथीयों के झुंड ने एक बार फिर अपना कहर बरपाया है। सोमवार की देर रात करीब 10-30 बजे प्रखण्ड के ककरगढ़ पंचायत के चडरा गांव में जंगली हाथीयो ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। मृतक की पहचान प्रखण्ड क्षेत्र के चंदलासो गांव निवासी शुक्रा उरांव का पुत्र महावीर उरांव (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 10-30 बजे बड़मड़ा ईटरा गांव में 20 से 25 जंगली हाथीयों के झुंड गांव की तरफ आने की सूचना ग्रामीणों को मिली। सूचना मिलने के बाद एकजुट हुए गांव वाले मशाल, बम -पटाखा लेकर हाथी को भगाने निकल गए। इसी बीच बड़मारा और चंदलासो गांव के सीमाने पर स्थित डेम के समीप अपने खेत की सिंचाई कर रहे महावीर उरांव भी हाथी भगाने चला गया। तभी महावीर भगत के क्रेशर के समीप ग्रामीण और हाथीयों का झुंड आमने सामने हो गया। हाथियों को सामने देख अफरा तफरी में लोगों ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई जबकी महावीर ज़मीन पर गिर गया जिसे हाथियों ने कुचलकर मौत की घाट उतार दिया। हादसे के कुछ देर बाद ग्रामीणों ने महावीर को कूडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। घटना की सूचना पर लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने त्वरित संज्ञान लिया जिसके बाद मृतक की पत्नी को अस्थायी राहत के रूप में डीएफओ लोहरदगा द्वारा 25 हज़ार रुपये का मुआवजा दिया गया। इस हादसे के बाद क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग की कार्यशैली से आक्रोशित हैं। लोगों का कहना है कि लगातार हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाये जाने के बाद भी कोई पुख्ता इन्तेज़ान नही किया जाता है जिससे प्रतिवर्ष दर्जनों लोग बेघर होते हैं और जान माल का नुकसान होता रहता है। फिलहाल हाथियों के क्षेत्र में घूमने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

फरार वारंटी के घर पुलिस ने किया कुर्की जब्ती

हरिहरगंज पुलिस ने सोमवार को सेमरवार गांव में विरेन्द्र पासवान के घर का कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गयी। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि विरेन्द्र पासवान बिहार राज्य के दाउदनगर थाना में दर्ज कांड संख्या 240 /2014 का फरार अभियुक्त है। एसआई विगेश कुमार राय तथा पुलिस बल ने कुर्की का कार्रवाई किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर फरार वारंटीयों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

अनुपमा देवी को मिल रहा बुजुर्गों व महिलाओं का आशिर्वाद

बोकारो, धनबाद लोकसभा के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा देवी को पूर्व सांसद ,वर्तमान सांसद,के अलावा क्षेत्र के महिलाओं ,बुजुर्गों का आशिर्वाद मिल रहा है,अनुपमा सिंह ने पहले पश्चिमी सिंहभूम के विधायक सरयू राय , फिर सांसद पशुपतिनाथ सिंह इसके आलावा लोकसभा क्षेत्र के कई जाने माने लोग एवं आमजन से गरीबों से लगातार विजय भवः का आशिर्वाद मिल रहा है, वहीं दूसरे तरफ जुबानी जंग भी चल रहा है,वहीँ दूसरे तरफ एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी ढूलु महतो भी लगातार दिग्गजों के साथ साथ जनता से लगातार रुबरू हो रहे हैं ,ओर सूत्रों के अनुसार ढूलु महतो को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, ढूलु महतो भी धनबाद लोकसभा के पूर्व सासंद ददई दुबे से मिलकर आशिर्वाद भी लिए है।अब जनसमर्थन ,सेववाद, परिवारवाद,जातिवाद ,बाहरी भीतरी ,कई तरह की बात चल रही है,लेकिन लोकतंत्र के इस महापर्व में स फ़ैसला जनता जनार्दन के हाथ मे है जो 25 मई को होगा और उसकी रिजल्ट 4 जून को आयेगा, उस समय सब साफ हो जाएगा,

जिला तैलिक समाज ने माल्यार्पण कर दानवीर भामाशाह जी की जयंती मनाई

हजारीबाग - जिला तैलिक समाज द्वारा मंगलवार को अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में इंद्रलोक टावर में दानवीर भामाशाह जी की जयंती मनाई गई। मंच संचालन जिला महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष द्वारा दानवीर भामाशाह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद समाज के प्रबुद्ध व गणमान्य लोग भी माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर सोमर साहू ने हल्दी घाटी की उस लड़ाई पर विस्तार से बताकर लोगो को बताया कि किस तरह दानवीर भामाशाह ने अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप को दान में देकर उनकी मदद की और इतिहास के पन्नो में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। उनके जीवनी पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि दानवीर भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ राज्य में वर्तमान पाली जिले के सादड़ी गांव में 23 अप्रैल 1547 को ओसवाल में हुआ। उनके पिता का नाम भारमल था, जो रणथम्भौर के किलेदार थे। बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमन्त्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में आप सदैव अग्रणी रहे। मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था और दानवीरता के लिए भामाशाह नाम इतिहास में अमर है। महासचिव नारायण ने दानवीर भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हल्दी घाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप के लिए उन्होंने अपनी निजी सम्पत्ति में इतना धन दान दिया था कि जिससे 25000 सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। प्राप्त सहयोग से महाराणा प्रताप में नया उत्साह उत्पन्न हुआ और उन्होंने पुनः सैन्य शक्ति संगठित कर मुगल शासकों को पराजित करा और फिर से मेवाड़ का राज्य प्राप्त किया। समाज के अन्य लोगो ने भी उनकी जीवनी से प्रेरित होने की बात कही।

पंचतत्व में विलीन हुए ओल्ड जेवरियन हाँक्सा के अध्यक्ष रीको वर्मा

हज़ारीबाग़ - नम आंखो से स्वर्गीय रिको वर्मा को अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार जबरा मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। बताते चले की स्वर्गीय रिको वर्मा का निधन कल दिनांक 22 अप्रैल 2024 को अपने हजारीबाग आवास में हो गया था। स्वर्गीय रिको वर्मा शहर के गण्यमान व्यक्तियों में गिने जाते थे एवं संत जेवियर स्कूल हजारीबाग के हौक्सा परिवार के लिए उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उनके अंतिम संस्कार में शहर के विभिन्न जातियों के लोग उपस्थित रहे। वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। हाँक्सा परिवार के सचिव श्री राहुल जैन ने कहा की स्वर्गीय रिको वर्मा एक खूसमीजाज व्यक्तित्व वाले इंसान थे और उन्होंने कभी बड़े छोटे में अंतर नहीं किया और सभी को एक समान देखते थे। उन्होंने कहा की आज उनके अंतिम संस्कार में आने वाले व्यक्ति सभी जाति धर्म से थे जिससे धर्मनिरपेक्षता का एक उद्धारण समाज में पेश हुआ है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

हजारीबाग - सर्किट हाउस के निकट मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जाता है कि मृतक जेएच1 एफएफ363 से रांची पटना मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान बाईक तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई।

कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी से मिले अनुपमा सिंह

मंजूर अंसारी ने अनुपमा सिंह को जीत को लेकर किया आस्वासत

बोकारो। मंगलवार को इंडी गठबंधन के धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी से उनके बोकारो स्तिथ आवास में मुलाकात कर आशिर्वाद लिया और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया,वहीँ अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने जीत को लेकर आस्वत करते हुवे कहा कि धनबाद की जनता को ढुलू महतो के आतंक से जनता को मुक्ति दिलानी है, जनता भी ढूलु महतो के छवि को जानती है इसलिये अनुपमा देवी को जनता जीत दिलायेगी और अपनी समस्याओं को सांसद में गूंजे इसके लिए अनुपमा सिंह को चुनेगी।

आईपीएल में आज होगा दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला

-प्लेऑफ के लिए दावेदारी बनाये रखने जीत के इरादे से उतरेंगी दोनो टीमों

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल के 40 वें मुकाबले में बुधवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। कैपिटल्स ने इस सत्र में खराब शुरुआत के बाद लगातार दो मैच जीतकर लय हासिल की थी पर पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे सबक लेते हुए दिल्ली अब इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। पिछले मैच में दिल्ली की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असफल रही थी। इसलिए इस मैच में उसका लक्ष्य शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना होगा। इस मैच में कप्तान ऋषभ पंत को भी जीत के लिए आक्रामक अंदाज में खेलना होगा। हैदराबाद के खिलाफ मैच में वह उस तेजी से नहीं खेल पाये थे जिसकी जरुरत थी। इसके अलावा उनकी कप्तानी भी ठीक नहीं रही थी। सनराइजर्स के खिलाफ उनके फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह ओस के पहलू को सही तरह से नहीं समझ पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके अलावा पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का उनका फैसला भी गलत रहा जिससे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को आक्रामक शुरुआत का अवसर मिल गया। टीम ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर फिसल गयी है। ऐसे में उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने अब हर मैच जीतना होगा।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ संघर्ष करते दिखे। वह 35 गेंद में 44 रन ही बनाकर आउट हो गये।

टीम के बल्लेबाजों से सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की अपेक्षा थी पर उसके सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और डेविड वार्नर इसमें सफल नहीं रहे। युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने तेजी से खेलते हुए 18 गेंद में 65 रन बनाए पर उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली पर ये जीत के लिए पर्याप्त नहीं थी। वहीं गेंदबाजी में भी दिल्ली के गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे और सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद के अलावा दिल्ली के प्रमख गेंदबाज एनरिक नोर्किया भी विफल रहे। टीम के

अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा जकड़ने के पिछले मैच से बाहर रहे थे अगर उनकी वापसी होती है तो टीम को लाभ होगा। स्पिन कुलदीप यादव ही अब तक दिल्ली के सबसे सफल रहे हैं। उन्होंने इस सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट लिए हैं पर सनराइजर्स पर वह भी अंकुश नहीं लगा पाये।

वहीं दूसरी ओर शुभमन गिल की कप्तानी में उतर रही गुजरात के लिए भी ये सत्र अधिक सफल नहीं रहा है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। इससे टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी नजर आती है हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में मिली जीत से टीम के हौंसला बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा। टीम अब तक आठ मैच में चार जीत और चार हार से आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। ऐसे में अब उनका लक्ष्य भी इस मैच में जीत दर्ज कर प्ले ऑफ के लिए अपनी दावेदारी बनाये रखना रहेगा। टीम की बल्लेबाजी शुभमन के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर, आदि बल्लेबाजों पर रहेगी। वहीं निचले क्रम में टीम को तेजी से आगे बढ़ाना आक्रामक बल्लेबाज राहुल तेवतिया के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। गेंदबाजी की कमान मोहित शर्मा, नूर अहमद के अलावा स्पिनर राशिद खान संभालेंगे। वहीं दिल्ली की बल्लेबाजी ऋषभ के

टीम

दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

गुजरात टाइटंस- शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार।

रहेगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी एनरिक नोर्किया, खलील अहमद, कुलदीप यादव के अलावा अक्षर पटेल के पास रहेगी। ये मैच कुल मिलाकर रोमांचक रहेगा।

नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार

मैड्रिड (एजेंसी)। विश्व के नंबर-एक सार्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांचवी बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सोमवार को मैड्रिड के गैलेरिया डी क्रिस्टल में आयोजित एक शानदार समारोह में जोकोविच को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि साथी टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया।

पुरस्कार के बाद जोकोविच ने कहा, 'मैं अपना पांचवां लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। मैं 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं, यह दर्शाता है एक ऐसा साल जो मेरे और मेरे प्रशंसकों के लिए ढेर सारा उत्साह और सफलता लेकर आया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना इतनी सफलता हासिल नहीं कर पाता, जिन्होंने हमेशा मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए प्रेरित किया है।'

अन्य सम्मानों में स्पेन की फुटबॉल स्टार एताना बोनमती को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्सवुमेन और विश्व कप जीतने वाली उनकी टीम को लॉरियस टीम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि अमेरिकी जिम्नास्टिक स्टार सिमोन बाइल्स को कमबैक ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।

दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर मिचेल मार्श आईपीएल से बाहर हुए

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुम्बई (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण आईपीएल टूर्नामेंट से हट गये हैं। ऑलराउंडर मार्श का बाहर होना दिल्ली टीम के लिए करारा झटका है। कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्श हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण अब आईपीएल सत्र के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पायेंगे। पोंटिंग के अनुसार इस चोट से उबरने में समय लगाता है। इस कारण वह अब भारत नहीं लौटेंगे। मार्श क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चिकित्सीय दल से परामर्श करने के लिए 12 अप्रैल को पर्थ वापस चले गए थे। वहां जांच के बाद पता चला है कि मार्श के लिए अब ये सत्र खेलना संभव नहीं है। उसी के बाद इस मामले में कैपिटल्स ने अंतिम फैसला लिया। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब वह वापस आएंगे क्योंकि सीए चाहता है कि मार्श की चोट की रिकवरी ऑस्ट्रेलिया में ही हो। इसी कारण से हमने भी उन्हें स्वदेश भेज दिया था। सीए के मेडिकल स्टाफ के सदस्य कुछ सप्ताह से उनके रिहैब पर काम कर रहे हैं। मैंने मार्श से हाल ही में बात की थी और ऐसा लगता है कि उस चोट से उबरने में उन्हें अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है पर मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

बांग्लादेश के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया रवाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम बांग्लादेश के खिलाफ 28 अप्रैल से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को रवाना हो गई। भारत इस साल 28 अप्रैल से 9 मई तक पांच मैचों की टी20 सीरीज में बांग्लादेश से खेलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बांग्लादेश के लिए प्रस्थान करने वाली टीम की एक तस्वीर साझा की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया- यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का समय है। #टीमइंडिया बांग्लादेश के लिए रवाना हो गई है।

सीरीज की शुरुआत रविवार, 28 अप्रैल को सिलहट में पहले ञ20ढ्ढ से होगी। 30 अप्रैल, 2 मई, 6 मई और 9 मई को अन्य खेल उसी स्थान पर आयोजित होंगे। इस सीरीज से भारत को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिलेगी, जो

इस साल सितंबर से अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में आयोजित अंतिम संस्करण के दौरान, भारत सेमीफाइनल में पहुंचा और अंततः चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से 5 रन से हार गया था।

बांग्लादेश के खिलाफ 5 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दयालन हेमलता, सजना सजीवन, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), राधा यादव, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक, आशा शोभना, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु।

भारत टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम- निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर (उप कप्तान), मुर्शिदा खातून, सोभना मोस्टोरी, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, राबेया खान, सुल्ताना खातून, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, फरिहा इस्लाम त्रिस्ना, शोरिफा खातून, दिलारा अख्तर, रूबिया हैदर झेलिक, हबीबा इस्लाम पिंकी।

पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया : आकाश चोपड़ा

जयपुर । आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या अब तक असफल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी वह केवल 10 रन ही बना पाये। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि उन्हें इस मैच में पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया। उन्हें जल्दी बल्लेबाजी के लिए उतरकर मोर्चे से आगुवाई करने की जरुरत थी पर हैरानी की बात ये रही कि मैच में मुम्बई के विकेट गिरते रहे और पंड्या कभी डगआउट में तो कभी सीट पर बैठते, फिर कभी पुशअप्स मारते और कभी टहलते। फिर जब वह मैदान पर उतरे भी कोई कमाल नहीं कर पाये। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस प्रकार पंड्या एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहे। इससे पहले उन्होंने 7 पारियों में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 11, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 24, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 34, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 39, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 21, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 2 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 रन बनाये थे। इसके बाद पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने एक बार फिर पंड्या पर निशाना साधा है। पठान ने कहा कि आईपीएल में पंड्या की कप्तानी, बल्लेबाजी और गेंदबाजी सभी बेकार रही हैं। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हार्दिक पंड्या की हिटिंग क्षमता कम होती जा रही है। यह एक बड़ी चिंताजनक बात है।

टी20 विश्वकप के लिए यशस्वी की दावेदारी कमजोर हुई

मुम्बई । आईपीएल के ठीक बाद जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए कई युवा खिलाड़ी भी दावेदारी में हैं। विश्वकप के लिए एक जून को भारतीय टीम की घोषणा होगी। इसी को देखते हुए चयनकर्ता आईपीएल में भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं। युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल अब इस आईपीएल सत्र में प्रभवित नहीं कर पाये हैं, ऐसे में उनकी दावेदारी कमजोर हुई और उनकी जगह किसी नये खिलाड़ी को भी जगह मिल सकती है। यशस्वी ने 7 मैच में 17.28 की औसत से 121 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 39 रन रहा है। वहीं शुभमन गिल भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। शुभमन ने 7 मैच में 42.57 की औसत से 298 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 89 रन रहा है। ऐसे में उन्हें भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा। वहीं इस सत्र में धमाके दार प्रदर्शन कर रहे सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा ने अबतक 7 मैच में 36.71 की औसत और 215.96 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाकर प्रभावित किया है। इस दौरान अभिषेक ने तीन अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 24 छक्के भी लगाये हैं और वह इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं।। वहीं इस टूर्नामेंट में उनसे ज्यादा 26 छक्के हेनरिक क्लासेन ने लगाये हैं। ऐसे में अगर आगे भी यशस्वी रन नहीं बना पाते हैं तो विश्वक कप के लिए उनकी दावेदारी और कमजोर पड़ जाएगी। ऐसे में अभिषेक को भी अवसर मिल सकता है।

नरेन टी20 विश्वकप के लिए संन्यास से वापसी नहीं करेंगे

-युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया जाना चाहिये

मुम्बई (एजेंसी)। आईपीएल में अपने प्रदर्शन से धूम मचा रहे वेस्टइंडीज के स्पिन ऑलराउंडर सुनील नरेन ने कहा है कि उनकी आगामी टी20 विश्वकप खेलने के लिए संन्यास से वापसी की कोई योजना नहीं है। नरेन ने ये बात वेस्टइंडीज टी20 टीम के कप्तान रोवमैन पॉवेल के उस बयान को लेकर कही है, जिसमें पॉवेल ने नरेन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उनसे टी20 विश्वकप को देखते हुए वापसी का अनुरोध किया था। पॉवेल ने बात इस आईपीएल सत्र में उनके प्रदर्शन को देखते हुए कही थी। इस पर जवाब देते हुए नरेन का कहना है कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के अवसर अब उनके लिए हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। साथ ही कहा कि वह उन युवा खिलाड़ियों की इस विश्वकप के लिए दावेदारी का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं।

आम तौर पर देखने में आया है कि आईसीसी टूर्नामेंट आते ही अनुभवी खिलाड़ियों की टीम में वापसी होने लगती है जबकि जो युवा खिलाड़ी लगातार उस फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं उन्हें टीम से बाहर होना पड़ता है। मगर अब सुनील नरेन ने संन्यास से वापसी नहीं करने का फैसला कर युवा खिलाड़ियों का अवसर दिया है। नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मुझे उम्मीद है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से बाहर आने और आगामी टी20 विश्वकप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने आगे लिखा, मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता पर वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन युवा खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे।

नरेन आईपीएल 2024 में केकेआर की ओर से खेल रहे नरेन जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने टी20 करियर का पहला शतक भी लगाया था। उन्होंने इस सत्र में 40.86 के औसत और 176.54 के स्ट्राइक रेट के साथ 286 रन बनाये हैं जबकि ती गेंदबाजी के दौरान 7 मैचों में 7.11 की इकॉनमी के साथ 9 विकेट भी लिए हैं।

विश्व कुश्ती क्वालीफायर के लिये ट्रायल इसी माह के अंत में होंगे

नई दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अब अगले माह होने वाले विश्व क्वालीफायर के लिये नये ट्रायल इस माह के अंत या मई के पहले सप्ताह में करायेगा। डब्ल्यूएफआई ने ये कदम एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए ही लिया है। बिश्केक में हुए एशियाई चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उसे 18 में से चार ही कोटा स्थान मिले। ये कोटा स्थान भी सभी महिला पहलवानों को ही मिले हैं जबकि पुरुष पहलवान विफल रहे। विश्व क्वालीफायर मुकाबले नौ मई से तुर्की में होंगे और ये एशियाई क्वालीफायर से अधिक मुश्किल हैं। इसी कारण कठिन डब्ल्यूएफआई ने नये ट्रॉयल का फैसला लिया है। डब्ल्यूएफआई विश्व क्वालीफायर के लिए सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह भी भारतीय पहलवानों के खराब प्रदर्शन से निराश हैं। इसी कारण उन्होंने इस मामले में चयन पैनल से भी बात की है। यह पहली बार हुआ है कि फ्रीस्टाइल में भी भारत को कोटा नहीं मिल पा रहा है।

कोहली के पास 40 गेंदों में शतक बनाने की क्षमता, टी20 विश्व कप में ओपनिंग करें : गांगुली

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को यहां कहा कि दिग्गज विराट कोहली के पास ट्रेविस हेड की तरह 40 गेंदों में 100 रन बनाने की क्षमता हैं और वेस्टइंडीज तथा अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में उन्हें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। कोहली ने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में 100 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा था। गांगुली ने कहा, 'विराट कोहली में 40 गेंदों में 100 रन बनाने की भी क्षमता है। जैसा कि मैंने शुरुआत में कहा था कि भारत के पास जैसी क्षमता है उसके मुताबिक उन्हें बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरते ही बड़े शॉट लगाने की जरूरत है। फिर देखना चाहिये कि पांच -छह ओवर के बाद क्या होगा।' गांगुली चाहते कि चयन समिति, कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप के लिए टीम के

सर्वोत्तम हित में निर्णय लें। वह हालांकि आदर्श रूप से कोहली-रोहित को पारी का आगाज करते देखना चाहते है। भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगर आप मुझसे पूछें और यह सिर्फ मेरी निजी राय है और मैं यह नहीं कह रहा हूं कि चयनकर्ताओं को ऐसा करना चाहिए, क्योंकि टीम संयोजन को लेकर आखिरी फैसला उनका ही होता है।' इंग्लैंड के खिलाफ शानदार घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद क्या यशस्वी जयसवाल के मौजूदा फॉर्म को देखते हुए टी20 विश्व कप में चयन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यशस्वी का दावा कमजोर हुआ है। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं।' गांगुली ने कहा कि टी20 विश्व कप का चयन आईपीएल के सिर्फ एक चरण पर आधारित नहीं होना चाहिए। उन्होंने ने कहा, 'आपको हर प्रदर्शन को देखना होगा। एक अच्छी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का संतुलन होता है। भारत के पास कमाल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे समय के साथ बेहतर हुए है।' उन्होंने कहा, 'इस दृष्टिकोण से टीम में युवाओं का मिश्रण होना चाहिए। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता इतने परिपक्व हैं कि सिर्फ एक आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा, 'शिवम दुबे ने पिछले साल भी अच्छा प्रदर्शन किया था और इस बार भी बेहतरीन खेल दिखा रहे है।

भारतीय टीम मालिक पर लगा श्रीलंकाई लीग में मैच फिक्सिंग का आरोप

अनधिकृत लीजेंड्स क्रिकेट लीग में एक टीम के मालिक और भारतीय नागरिक योनी पटेल पर उनके हमवतन पी आकाश के साथ मैच फिक्सिंग के लिए आरोप तय किए जा रहे हैं। कोलंबो मजिस्ट्रेट अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अदालत ने पटेल की जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी और दोनों पर लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया। इन भारतीयों पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप है जिसका आयोजन आठ से 19 मार्च तक मध्य कैंडी जिले के पाल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया गया। फाइनल में राजस्थान किंग्स ने न्यूयॉर्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया। पटेल इस टूर्नामेंट में कैंडी स्वैम्प आर्मी टीम के मालिक हैं। अधिकारियों ने कहा कि मामले के आगे बढ़ने के साथ पंजाब रॉयल्स के मैनेजर आकाश पर भी आरोप तय किए जाएंगे। श्रीलंका के पूर्व एकदिवसीय कप्तान और वर्तमान में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के अध्यक्ष उपुल थरंगा तथा न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी नील ब्रूम ने खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई से पटेल और आकाश द्वारा मैचों को फिक्स करने के लिए लीग में क्षमता से कम प्रदर्शन करने के लिए संपर्क करने की शिकायत की थी। इसके बाद अदालत ने पटेल और आकाश के जांच पूरी होने तक देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। लीग को ना तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से मान्यता मिली है और ना ही श्रीलंका क्रिकेट से। श्रीलंका खेल में मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार को अपराध की सूची में डालने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश था जब उसने 2019 में इस खतरे के खिलाफ कानून पारित किया था। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। इस कानून के तहत भ्रष्टाचार के लिए संपर्क के बारे में जानकारी देने में विफल रहने पर भी सजा का प्रावधान है।

संजू सैमसन को भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए : हरभजन सिंह

मुम्बई (एजेंसी)। जयपुर ⁼ संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस (एमआई) पर 9 विकेट से जीत दर्ज की। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा कि राजस्थान के कप्तान को रोहित शर्मा के बाद भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। सैमसन ने 28 गेंदों में 135.71 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 38 रन की पारी खेली।

हरभजन ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ यशस्वी जयसवाल की नाबाद 104 रन की पारी की सराहना की और कहा कि यह युवा इस बात का सबूत है कि 'क्लास स्थायी है'। पूर्व स्पिनर ने कहा कि मेन इन ब्लू टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज को लेकर कोई और बहस नहीं होनी चाहिए और सैमसन को भारत की टी20 विश्व कप 2024 टीम में शामिल किया जाना चाहिए। हरभजन ने कहा, 'यशस्वी जयसवाल की पारी इस बात का प्रमाण है कि क्लास स्थायी है, यशस्वी जायसवाल की फॉर्म अस्थायी है। और कीपर बल्लेबाज के बारे में कोई बहस नहीं होनी चाहिए। संजू सैमसन को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में आना चाहिए और रोहित के बाद भारत के लिए अगले टी20 कप्तान के रूप में भी तैयार होना चाहिए।%

मैच की बात करें तो यशस्वी जायसवाल ने फॉर्म में लौटते ही शतक जड़ा और जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में अपनी टीम को आसान जीत दिला दी। जायसवाल जोकि सीजन में अर्धशतक बनाने के लिए तरस रहे थे, ने मुंबई के खिलाफ लय हासिल कर ली और अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जड़ा। मुंबई ने मुकाबले में पहले खेलते हुए तिलक वर्मा के 65 और नेहल वडेहरा के 49 रनों की बदौलत 179 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान को जायसवाल और बटलर ने मजबूत शुरूआत दी। बटलर जिन्होंने पिछले मुकाबले में शतक जड़ा था, ने इस बार चावला की गेंद पर बोल्ड होने से पहले 35 रन बनाए। इसके बाद जायसवल ने 104 तो राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने 38 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

एसडीओ व सीओ ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, मतदाताओं को भी किया जागरूक

चौपारण – मंगलवार को निर्वाचक पदाधिकारी, सह अनुमण्डल पदाधिकारी बरही एवं अंचल अधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया, एवं मतदाताओं के बीच अधिक संख्या मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदान केन्द्रों में एएमएफ की गहनता से जाँच की गई जिसमें सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध पायी गई। सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक भी उपस्थित पाये गये। साथ ही प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में सभी बीएलओ एवं सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रो में पोटिंग प्रतिशत बढाने हेतु गहन समीक्षा की गई एवं स्वीप गतिविधि करते हुए एवं बीएजी के सदस्यो का सहयोग लेते हुए अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूकता करने का निर्देश दिया गया साथ ही सभी बी0एल0ओ0 को घर घर जाकर सर्वे करते हुए जो मतदाता बाहर एवं अन्य जिला में कार्य कर रहे मतदाताओं का सूची बनाने और उन मतदाताओं के फोन पर बात कर 20 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने हेतु जानकारी देने का निर्देश दिया गया। सभी बीएलओ0 को मतदाता पर्ची बांटते समय एएसडी सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। सभी उपस्थित बी0एल0ओ को मतदाता मार्गदर्शिका उपलब्ध कराया गया है, जैसे सभी मतदाताओं के बीच वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत 56 नामजद व 1000 अज्ञात पर थाने में प्राथमिकी दर्ज

महुदी मार्ग मामले को लेकर सीओ ने दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए

बड़कागांव – महुदी गांव में रामनवमी जुलूस विवाद से संबंधित हुई घटित घटना को लेकर अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के द्वारा बड़कागांव थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए गए हैं। दोनों केस में कुल 56 नामजद व 1000 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें भाजपा नेता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत कई जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों का नाम शामिल है। बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने पहली प्राथमिकी में 25 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। जिसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, पूर्व विधायक भाजपा नेता लोकनाथ महतो, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ,जीप सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख बचनदेव कुमार, दामोदर महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकि का नाम शामिल है । प्राथमिकी में कहा गया कि 16 अप्रैल को 1.30 बजे महुदी राणा टोला व आसपास के गांव और बाहर से कुछ लोग गैर लाइसेंसी जुलूस लेकर महुदी आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच गये। वहीं अंचलाधिकारी ने थाना में दूसरा मामला कांड संख्या 106/24 के तहत 31 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। जिसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, लोकनाथ महतो, सुनीता देवी, बचनदेव कुमार, टुकेश्वर महतो, दामोदर महतो, खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकी, मो आजाद, शमशेर आलम, मो युनूस, मो हैदर, मो लितु मियां, मो अब्बास का नाम शामिल हैं। इसमें सरकारी पदाधिकारी के वाहन को क्षतिग्रस्त करने, पदाधिकारीओ पर पथराव करने तथा आगजनि करने का आरोप है।

कतरास में हनुमान जयंती की रही धूम, रंग बिरंगी लाइट व फूलों से सजा मंदिर

कतरास. हनुमान जयंती के अवसर पर श्री श्री संकट मोचन मंदिर में मंगलवार को हनुमत जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. मंदिर को आकर्षक फूलों व रंग बिरंगी लाइट से सजावट किया गया था जो काफी आकर्षक लग रहे थे. मंदिर के पुजारी प्रभाकर पाठक व सुनील पाठक ने पूरे विधि विधान से पूजन कराया. प्रातः समय हनुमान जी का पूजा पाठ,, हवन आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्याम कांत गुप्ता ने बताया कि बुधवार को संध्या 6 बजे से मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया है. मौके पर श्यामकांत गुप्ता, महेश भाई बजानिया, मनोज खेमका,बजरंग अग्रवाल, सुनील गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, विनोद बर्मन, अनिल गुप्ता, दिलीप गुप्ता, जगदीश भुवलका, जीतन दास आदि मौजूद थे.

डीएमएफटी फण्ड का दुरूपयोग कर कतरी नदी में भूमाफियाओं के लिए बन रहा है पुल

पुल निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने मुखिया पर लगाये कई गंभीर आरोप

कतरास–* जिले में डीएमएफटी फण्ड (डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फण्ड ट्रस्ट) से होने वाले विकास कार्य हमेशा चर्चा में रहते हैं. क्योंकि डीएमएफटी फंड का हमेशा से दुरुपयोग ही होता आया है. डीएमएफटी फंड का उपयोग खनन क्षेत्र से प्रभावित इलाकों में करना होता है ताकि वहां की स्थिति में सुधार लाया जा सके. लेकिन इसके उलट कई जिलो में जिला मुख्यालय को चमकाने के नाम पर या किसी को व्यक्तिगत रूप से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही डीएमएफटी फंड का पैसा बड़े पैमाने पर खर्च कर दिया जाता है. ऐसा ही एक मामला धनबाद जिले के बाघमारा प्रखण्ड अन्तर्गत जमुआटाँड़ पंचायत में देखने को मिल रहा है. पंचायत के खमारगोड़ा बस्ती में कतरी नदी पर डीएमएफटी फण्ड से ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल विभाग द्वारा 3 करोड़ 31 लाख 41 हजार 2 सौ 57 रुपये की लागत से

पुल का निर्माण किया जा रहा है जो कि विवादों में आ चुका है.

दरअसल कतरी नदी के एक तरफ एनएच 32 सड़क है तो दूसरी ओर बहुतायत मात्रा में गैराबाद जमीन. कुछ रैयती प्लॉट भी है. पंचायत के दर्जनों लोगों ने बताया कि उक्त गैराबाद सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं और कुछ स्थानीय दलालों की गिद्ध दृष्टि पड़ी है. वे लोग फर्जी तरीके से सरकारी जमीन को बेचना चाहते है. लेकिन बिना रास्ता के नदी के उस पार कोई जमीन खरीदेगा क्यों? इसलिए भूमाफियाओं और स्थानीय जमीन दलालों ने कुछ जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलकर नदी के इस पार से उस पार जाने के लिए करोड़ों का पुल पास करा लिया. पंचायत के चुने हुए उपमुखिया, पंचायत समिति सदस्य, तथा कई वार्ड सदस्यों ने बताया कि पुल पास कराने को लेकर की गई आम सभा में पंचायत के मुखिया निरंजन गोप ने उनलोगों को सूचना नही दिया. इतना ही नही जब पुल का शिलान्यास हुआ तब भी मुखिया निरंजन गोप ने चुने हुए अन्य प्रतिनिधियों को निमंत्रण देना उचित नही समझा. स्थानीय ग्रामीणों ने मुखिया निरंजन गोप पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस पुल के निर्माण से ग्रामीणों को कोई लाभ नही है. ग्रामीणों की राय लिए बिना यह पुल भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया जा रहा है. बता दें कि आम सभा मे मुखिया सहित मात्र 17 लोग उपस्थित हुए थे जबकि पंचायत की कुल आबादी लगभग 5 हजार है. वहीं स्थानीय मुखिया निरंजन गोप का पक्ष लेने के लिए उनको फोन किया गया लेकिन फोन नही उठाने के कारण उनका पक्ष नही मिल पाया.

चार दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि नई दिल्ली रवाना

धनबाद/ ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हो रही है। यज्ञ ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपने सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई है। 24 अप्रैल को फेडरेशन

के वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी। इस समारोह को मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा होंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव मिस्टर स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 अप्रैल को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय, अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा,केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता तथा नेताजी सुभाष सहित आर के सिंह,अजय सिंह,आई एम सिंह,बी के साव,पी के सिन्हा,रुपेश कुमार,बी बी सिंह,चंदन कुमार शुक्ला,विकास कुमार,आर एन चौधरी,स्वेता कुमारी,दीपा कुमारी एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं।

धुआंधार जनसंपर्क मे लगे सभी प्रत्याशी, जमीनी मुद्दे गायब

इंदु शेखर खां धनबाद / लोक सभा चुनाव मे अपनी जीत दर्ज कराने के लिए सभी दलो के प्रत्याशी अपनी कमर कस ली है लोगो को अपने अपने पक्ष मे वोट करने के लिए धुआँधार जन संपर्क कर रहे है सबसे पहले मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी के नाम की घोषणा मासस ने किया इसलिए जगदीश रवानी का जनसंपर्क भी पहले शुरू हुआ उसके बाद भाजपा प्रत्याशी ढुलु महतो के नाम पर मुहर लगी सबसे लेट इंडी गठबंधन से कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी के रूप मे अनूप सिंह की धर्म पत्नी अनुपमा सिंह पर विश्वास जताते हुए उन्हे प्रत्याशी बनाया अब सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा भी अपना प्रत्याशी देने का मन बना रहे है यदि ऐसा होता है तो मुकाबला चतु:षकोनीय होने का आसार होगा यदि जनसंपर्क की बात की जाए तो ढुलु महतो तूफानी जनसंपर्क कर रहे है आम और खास दोनो लोगो के बीच जा रहे है कांग्रेस प्रत्याशी अभी खास लोगो से मिल रही है उसके बाद आम जनता से भी मिलेगी मासस उम्मीदवार चन्दनकियारी निरसा , सिन्दरी, बलियापुर पर अधिक फोकस कर रहे है । एक बात है जनता के पास विकल्प के तौर पर बहुत ही प्रत्याशी है लेकिन धनबाद सीट को भाजपा के लिए सुरक्षित सीट माना जाता रहा है अब इसे भाजपा बचाने मे कामयाब होंगे या फिर कांग्रेस या मासस का कब्जा होगा ये तो नतीजा ही बताएगा धनबाद के विकास के लिए किस पार्टी की क्या योजना है फिलहाल कोई भी प्रत्याशी इसपर चर्चा नही कर रहे बल्कि एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप मे लगे हुए है अपराध, पानी की किल्लत, लडकियो को बारहवी की शिक्षा हेतु प्लस टू स्कूलो की कमी कोलियरी क्षेत्र मे बढते प्रदूषण, कोयले की चोरी, आदि कई जमीनी मुद्दे है जिनपर अभी तक कोई भी प्रत्याशी खुलकर नही बोल रहे है शायद आगे चुनाव के ये भी मुद्दे होंगे वही कांग्रेस से धनबाद के स्थानीय कार्यकर्ता को टिकट नही मिलने से कांग्रेस के अंदरखाने भी सब कुछ ठीक-ठाक प्रतीत नही हो रहा है अभी जनता भी अपने सही प्रत्याशी का चुनाव करने मे कन्फ्यूज है । जैसे-जैसे चुनाव सामने आएगा नतीजे भी साफ होने लगेंगे आखिर लोकतंत्र मे जनता जनार्दन ही सर्वोपरि होते है वे किसे इसबार ताज पहनायेंगे ये समय के गर्त मे है । फिलहाल मुकाबला दिलचस्प होने वाला है चुनावी गर्मी, मौसमी गर्मी से ज्यादा होने के आसार दिख रहे है ।

डीडीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बोकारो। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो वी एन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा,संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, महादेव महतो, अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निर्देशों के अनुरूप चाहरदिवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशा निर्देश दिया।

नावाडीह कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री श्री 108 मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरु

नावाडीह(बेरमो) । नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भलमारा पंचायत के बगजोबरा में ग्रामवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय श्री श्री 108 मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया।इसको लेकर कलश के साथ जलयात्रा निकाला गया जलयात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही इस दौरान भक्तों के द्वारा जय श्री राम,ओम नमः शिवाय, बजरंग बली की जय के नारों व देवी देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।वहीं यज्ञमंडप से जलयात्रा निकाली गई जो बगजोबरा, नावाडीह,ब्लॉक मोड़ भ्रमण करते हुए बोरवाडीह स्थित नदी पहुंची , यहां पर पंडित संतोष शास्त्री के द्वारा संकल्प पाठ, गंगा पुजन, देवी-देवताओं का आह्वान कर जल भरा गया। उसके बाद सभी कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप के लिए रवाना हुए यज्ञमंडप में श्रद्धालुओं के द्वारा लाए गए जल भरे कलश को यज्ञमंडप में विधिवत स्थापित कराया गया.यह यज्ञ 23 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ जो 27 अप्रैल तक होगा।

इस अवसर पर इस दौरान प्रमुख पूनम देवी,जिप सदस्य फूलमती देवी,,बरमसिया मुखिया जयनाथ महतो,बीस सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतो,जेएमएम युवा नेता अखिलेश कुमार महतो,पूर्व मुखिया गणेश महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष जेबीकेएसएस मोती महतो,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गणेश प्रसाद महतो रूपलाल महतो, शिव कुमार,जगरनाथ महतो , छत्रधारी महतो, सन्नू महतो,केशू महतो,जानकी देवी प्रधान पुजारी बैजनाथ महतो, यज्ञ कमिटि के अध्यक्ष तुलसी महतो, उपाध्यक्ष ललिता देवी, सचिव रोहित कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कीमत, उप सचिव मोतीलाल प्रसाद सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63